# सामाजिक समाचार

### गणतंत्र दिवस पर समाज के संस्थानों द्वारा किया ध्वजारोहण

प्रदेश सभा राजस्थान भवन विद्याधर नगर, जयपुर में प्रातः 11 बजे 69वें गणतंत्र दिवस 2018 पर अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसमें सहयोगकर्ता के रूप में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) पूर्व महामंत्री प्रदेश सभा, श्री राहुल शर्मा (युवा प्रकोष्ठ) प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष दादी का फाटक, श्री सूरजमल नींदड पूर्व अध्यक्ष अतिथि गृह ढेहर के बालाजी, श्री महेश जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष विधान सभा क्षेत्र झोटवाड़ा, श्री रमेश शर्मा लावण्डीवाल महामंत्री जिला सभा जयपुर, श्री भगवान सहाय कडवाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री दिनेश कडवाणिया उपाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री राधेश्याम चिचावा एवं श्री रामजीलाल जांगिड पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री कैलाश चन्द्र जांगिड, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री गोपाल पाटोदिया, श्री मूछाराम, श्री जयनारायण जांगिड, श्री रामदयाल तथा श्री सुनील एवं श्री दिनेश चिचावा युवा प्रकोष्ठ से आदि कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रगान किया तथा मीठा मुँह लड्डू खा कर किया।

### विश्वकर्मा बाल मन्दिर माध्यमिक विद्यालय में झण्डारोहण के साथ हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

69वें गणतंत्र दिवस पर स्टेशन रोड़ माधो बिहारी का अहाता स्थित विश्वकर्मा बाल मन्दिर माध्यमिक विद्यालय में प्रातः 9 बजे झण्डारोहण श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री नवल किशोर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री रमेश चन्द शर्मा महामंत्री जिला सभा, श्री भगवान सहाय कडवाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री दिनेश कडवाणिया उपाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री रामविलास शर्मा साकेत पब्लिक स्कूल, श्री रामसहाय जांगिड से.नि. प्रधानाध्यापक, श्री भंवरलाल आर.बी.आई., श्री देवी सहाय सावड़, श्री शिवदयाल गोठड़ीवाल, श्री रामसहाय जांगिड (डिब्बे वाले) अध्यक्ष बास सांगानेर जयपुर, श्री सीताराम जांगिड जांगिड इन्टरक्राफ्ट, श्री कृष्ण कुमार शर्मा तीतरवाडिया, श्री मदनलाल, श्री महादेव कडवाणिया एडवोकेट, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर थे तथा अध्यक्षता श्री कन्हैयालाल डेरोलिया (अध्यक्ष समिति) ने की।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी अनूठी छठा बिखेरी। स्कूल का परिसर पूर्णतया भरा हुआ था।

प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम लगातार होते रहे हैं। अन्त में सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों तथा समाज बन्धुओं ने पौषबड़ा पंगत प्रसादी का आनन्द लिया।

मंच संचालन श्री कन्हैयालाल डेरोलिया अध्यक्ष द्वारा किया गया। उन्होंने सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को फलाहार एवं मिठाई का वितरण समिति द्वारा किया गया। प्रसादी श्री कैलाश शर्मा (नेहा सेल्स) द्वारा प्रायोजित की गई। वे तीन छात्र-छात्राओं का खर्च अपनी ओर से प्रत्येक वर्ष उठाते आए हैं।

### शाखा सभा रामपुरा रोड़, सांगानेर द्वारा विश्वकर्मा जयंति महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

अ.भा.जां. ब्राह्मण महासभा शाखा सभा रामपुरा रोड़, सांगानेर, जयपुर द्वारा विश्वकर्मा जयंति महोत्सव धूमधाम से जय श्री मोटर्स, जय नगर, मैन रामपुरा रोड़ पर सम्पन्न हुआ।

28 जनवरी, 2018 जयंति की पूर्व संध्या पर सायंकाल मेधावी छात्र-छात्राओं का (कक्षा पंचम से बारहवीं तक) 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वालों का सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसके मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री घनश्याम जांगिड पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर एवं श्री घनश्याम तिवारी विधायक सांगानेर तथा विशिष्ठ अतिथियों में श्री बाबूलाल दणाऊ तहसील अध्यक्ष सांगानेर, श्री पप्पूलाल देशमा संरक्षक, श्री रमेश चन्द लावण्डीवाल महामंत्री जिला सभा, श्री बाबूलाल जांगिड (सरपंच) अध्यक्ष जांगिड विकास समिति सोडाला एवं श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे आदि उपस्थित हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण, साफा बन्धवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री कमलेश कुमार जांगिड शाखा सभा अध्यक्ष, श्री राजेश जांगिड पूर्व अध्यक्ष, श्री ताराचन्द जांगिड कोषाध्यक्ष, श्री सत्यनारायण जांगिड महामंत्री, श्री हरिनारायण, श्री धर्मराज, श्री कैलाश जांगिड गुडासी, श्री कैलाश जांगिड भापुरा, श्री योगेश, श्री रामअवतार जांगिड आदि द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं (लगभग 70) को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री बाबूलाल कपूरावाला (पूर्व सरपंच) एवं अध्यक्ष जांगिड विकास समिति सोडाला द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, जिसमें सभी कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारियों तथा अतिथियों ने सहयोग किया। अतिथियों द्वारा उद्‌बोधन हुआ। अन्त में समिति अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भजन संध्या का आयोजन हुआ। रात्रि भजन का कार्यक्रम जोकि शान्तिलाल सरसड़ी, दौलता मोड़, देवली (टोंक) पार्टी के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर सैंकड़ों श्रोताओं द्वारा भजन संध्या का आनन्द लिया गया।

29 जनवरी, 2018 विश्वकर्मा जयंति के अवसर पर प्रातः श्री विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना व सामूहिक आरती की गई तथा प्रसादी वितरण समिति द्वारा किया गया।

समिति द्वारा शोभा यात्रा में भी भाग लिया जोकि जिला जयपुर

के तत्वावधान में प्रदेश सभा भवन से घाट की गुणी मन्दिर तक पहुँची।

**जांगिड सुथार समाज (नोहर) द्वारा आयोजित आरक्षण बचाओ चेतना सम्मेलन सम्पन्न**

14 जनवरी, 2018 को जांगिड सुथार समाज धर्मशाला (नोहर) में जांगिड सुथार समाज समिति द्वारा आयोजित आरक्षण बचाओ चेतना सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता आरक्षण बचाओ अभियान समिति के संयोजक एवं कृषि उपज मण्डी समिति के निवर्तमान अध्यक्ष श्री बलवीर सुथार द्वारा की गई। तहसील भादरा स्तर पर आयोजित सम्मेलन में लगभग एक हजार समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में सुश्री पार्वती जांगिड यूथ पार्लियामेन्ट की चेयरपर्सन एवं यू.एन. गर्ल्स राइजिंग ब्राण्ड एम्बेसेडर, डॉ. मोहन लाल सुथार, पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं जांगिड सुथार समाज सेवा समिति अध्यक्ष श्री बाबूलाल खाती, संरक्षक एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ. चन्द्र कुमार खाती एवं सोनड़ी ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती तमन्ना सुथार उपस्थित थे।

सम्मेलन का शुभारंभ श्री विश्वकर्मा जी एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

युवा मण्डल की ओर से सुश्री पार्वती जांगिड को अभिनन्दन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया, जिसमें सुथार युवा मण्डल के संरक्षक रोहिताश जांगिड, अध्यक्ष दाताराम जांगिड, सूबेसिंह जांगिड, बजरंग सुथार आदि द्वारा सुश्री पार्वती का अभिनन्दन किया गया।

सुश्री पार्वती जांगिड ने यूथ पार्लियामेन्ट की ओर से श्री बनवारी लदोया एवं श्री पवन सुथार समाज सेवा, शिक्षा विद्, श्री जुगलाल कचोरिया एवं श्री रोहिताश जांगिड को सामाजिक जनजागृति, श्री विनोद जांगिड को जनजागरण एवं लेखन, श्री कर्मपाल लेखराव रावतसर को सामाजिक कार्य हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

सुश्री पार्वती जांगिड को नोहर तहसील के ग्राम ढंढेला निवासी हस्तशिल्पकार श्री त्रिलोक माण्डण द्वारा निर्मित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हेतु काष्ठ की प्रतिमा भेंट की गई।

कार्यक्रम का संयोजन श्री विनोद जांगिड द्वारा किया गया।

सुश्री पार्वती जांगिड, श्री महेन्द्र जांगिड बरवाली, से.नि. तहसीलदार श्री रूलीराम धामू, शिक्षिका श्रीमती अनिता सुथार, श्री कुलवन्त सुथार टिब्बी, श्री बनवारी बुढल, रावतसर नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्री सोहनलाल लदोईया, श्री योगेश मुनि महाराज, डॉ. चन्द्र कुमार खाती, डॉ. मोहनलाल सुथार, शिक्षाविद् श्री अमरसिंह जांगिड आदि द्वारा मंच से सम्बोधित किया गया, जिसमें शिक्षा, नारी शक्ति, आरक्षण बचाओ विषय सम्मलित थे।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच श्री बृजलाल सुथार, श्री धर्मेन्द्र सुथार, श्री लूणाराम सुथार, पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री अमरसिंह दायमा, जांगिड सुथार समाज सेवा समिति के सहसचिव श्री पवन घुघरिया, श्री जगदीश सुथार, डॉ. प्रताप जांगिड, श्री विश्वकर्मा छात्रावास विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री जुगलाल जांगिड, पूर्व पंचायत समिति सदस्य डॉ. प्रेम सुथार, श्री शिशपाल माण्डण, रावतसर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धर्मपाल लेखराव, श्री राधेराम सुथार, श्री अमरसिंह सुथार, श्री किशनलाल बरड़वा, श्री राजेश सुथार, एडवोकेट ओमप्रकाश सुथार, डॉ. श्रवण कुमार बरड़वा, कांग्रेस ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव श्री मोहन सुथार बरड़वा, श्री बजरंग छड़िया, श्री नरेश जांगिड, श्री जयसिंह जांगिड, श्री रामकुमार, श्री रामचन्द्र जांगिड, श्री हनुमान लेखराव, श्री पवन माण्डण, भाजपा नेता श्री हरद्वारी लाल जांगिड, डॉ. संतलाल जांगिड, श्री गुलजारी लाल एवं श्री हंसराज धामू, श्री प्यारे लाल जांगिड, श्री लादूराम खोखा, श्री मनीराम खोखा, फेफाना समाज समिति अध्यक्ष जयप्रकाश सुथार, पत्रकार श्री राकेश धामू, श्री रामजी लाल फौजी (पूर्व उपसरपंच) आदि समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

**उदयपुर विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्थान द्वारा विश्वकर्मा जयंति महोत्सव के अन्तर्गत ''रक्तदान'' शिविर सम्पन्न**

21 जनवरी, 2018 को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक उदयपुर विश्वकर्मा जांगिड विकास समिति एवं गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में ''रक्तदान'' शिविर का आयोजन किया गया एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था सदस्यों एवं कई व्यक्तियों ने उत्साह से भाग लिया।

शिविर के संयोजक श्री बी.एल. जांगिड, वित्त नियंत्रक, गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल थे। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह आदि की जाँच की गई। इस शिविर में डॉ. रिनी एवं उनके साथ आए स्टाफ की सेवाएं सराहनीय रहीं, जिन्होंने रक्तदान के साथ-साथ रक्तप्लता एवं रक्तदान की महत्ता के बारे में शिविरार्थियों को विस्तार से अवगत कराया।

संस्था अध्यक्ष श्री राजेन्द्र शर्मा और सचिव श्री बलवंत शर्मा ने सभी का शिविर में स्वागत व आभार व्यक्त किया।

**-भैरूंलाल सुथार** (संयुक्त सचिव)

**विश्वकर्मा आश्रम खेरदा (सवाई माधोपुर) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

13 जनवरी, 2018 को विश्वकर्मा आश्रम खेरदा (सवाई माधोपुर) की प्रबंध कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह खेरदा स्थित विश्वकर्मा आश्रम में हुआ। संरक्षक श्री मूलचन्द जांगिड के अनुसार अध्यक्ष श्री सुरेश चन्द जांगिड, महामंत्री श्री राजेश कुमार जांगिड, कोषाध्यक्ष श्री मूलचन्द जांगिड, उपकोषाध्यक्ष श्री चिरंजीलाल, सहमंत्री श्री महावीर प्रसाद जांगिड, संगठन मंत्री श्री श्याम सुन्दर जांगिड, विधि सलाहकार श्री केदारमल, सांस्कृति मंत्री श्री मनोज कुमार, प्रचार मंत्री श्री सूरजमल जांगिड, सलाहकार समिति में श्री हनुमान जांगिड, श्री चिरंजीलाल जांगिड गणेश नगर एवं महिला प्रकोष्ठ में रामेश्वरी देवी व गायत्री देवी को पद एवं गोपनीयता की शपथ श्री मूलचन्द जांगिड द्वारा दिलवाई गई। इस अवसर पर कई समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

**तहसील सभा बस्सी (जयपुर) के तत्वावधान में सम्मान समारोह एवं पौषबड़ा महोत्सव सम्पन्न**

16 जनवरी, 2018 को जांगिड धर्मशाला एवं छात्रावास भवन श्रीजी धाम बैनाड़ा (बस्सी) जयपुर में तहसील सभा बस्सी की

कार्यकारिणी की बैठक हुई, बैठक में नव निर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान एवं नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष का सम्मान एवं पौषबड़ा का आयोजन हुआ।

समारोह की अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा नवनिर्वाचित प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री लखन शर्मा नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान थे।

भगवान् विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना उपरान्त नवनिर्वाचित प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष जयपुर का माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर तहसील सभा बस्सी द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर श्री रमेश चन्द शर्मा महामंत्री जिला सभा जयपुर, श्री बाबूलाल जांगिड बरखेड़ा तहसील अध्यक्ष चाकसू, श्री महेश चन्द्र जांगिड तह. अध्यक्ष अजमेर, श्री लल्लूराम जांगिड तहसील अध्यक्ष जमुवारामगढ़, श्री कुन्दन लाल जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष विधान सभा क्षेत्र हवामहल जयपुर, श्री आनन्दी लाल जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष आदर्श नगर, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री रामजी लाल जांगिड पूर्व प्रभारी मिशन एक लाख, श्री राधेश्याम चिचावा पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री जगदीश प्रसाद जांगिड कूकस, श्री गोपाल बिंवाल अध्यक्ष शाखा सभा आदि कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड), श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार, श्री रमेश चन्द शर्मा आदि द्वारा उद्बोधन हुआ। तहसील अध्यक्ष बस्सी द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बन्धुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

तहसील अध्यक्ष बस्सी श्री मुकेश झाझवाड़ द्वारा शांति पूर्वक अपना कार्यकाल पूर्ण होने पर तहसील सभा बस्सी का चुनाव करवाने हेतु जिलाध्यक्ष जयपुर से भी अपील की।

मंच संचालन श्री मुकेश जांगिड, श्री जगदीश सांख तथा श्री रमेश रावत महामंत्री द्वारा किया गया।

कोषाध्यक्ष श्री सीताराम द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बन्धुओं को पौषबड़ा प्रसादी के लिए आमंत्रित किया।

**श्री देवराज जांगिड श्री विश्वकर्मा धाम जांगिड सेवा समिति ट्रस्ट वोराट चौखला वागुन्दा मन्दिर पुन: अध्यक्ष निर्वाचित**

22 जनवरी, 2018 को श्री देवराज जांगिड श्री विश्वकर्मा धाम जांगिड सेवा समिति ट्रस्ट वोराट चौखला वागुन्दा मन्दिर (चासुणा राजसमन्द) के पुन: अध्यक्ष बने। लगातार चौथी बार देवराज जांगिड अध्यक्ष चुने गए।

महामंत्री श्री भंवरलाल जांगिड तथा वोराट चौखला युवा मण्डल के अध्यक्ष श्री किशनलाल (मावा का गुडा) व युवा महामंत्री किशन लाल सेवन्दी व कोषाध्यक्ष श्री सोहनलाल वागुन्दा को नियुक्त किया गया। अतिथि के रूप में श्री प्रेम कुमार जांगिड राजसमन्द व दिनेश जांगिड नाथद्वारा भी उपस्थित हुए।

**श्री नरसी कुलरिया समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यपाल द्वारा हुए सम्मानित**

गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर सरसों अनुसंधान केन्द्र भरतपुर में आयोजित एटहोम कार्यक्रम में समाज सेवा के लिए नोखा मूलवास के श्री नरसी कुलरिया प्रसिद्ध उद्योगपति एवं भामाशाह को राज्य स्तर पर महामहिम राज्यपाल श्री कल्याण सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 26 लोगों को सम्मानित किया गया, जिनमें पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, लोक कलाकारों एवं समाज सेवा से जुड़े हुए व्यक्ति शामिल हैं।

**प्रदेश सभा महाराष्ट्र की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेशसभा महाराष्ट्र की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुलढाणा एवं पूणे जिला सभा के संयुक्त तत्वावधान में पूणे में आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित महाराष्ट्र के प्रदेशाध्यक्ष श्री प्रहलाद सहाय जांगिड (चिखली) को नवनिर्वाचित महासभा प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा शपथ दिलवाई गई तथा नवगठित कार्यकारिणी ने भी पद एवं गोपनीता की शपथ ली। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री किशनलाल जांगिड (पूणे), कार्यकारी अध्यक्ष श्री जयंत शर्मा (चिखली), कोषाध्यक्ष श्री अशोक शर्मा (मुम्बई) के अतिरिक्त सभी जिलों से प्रतिनिधि शामिल थे। श्री नथमल शर्मा, महामंत्री श्री ताराचन्द शर्मा, संगठन मंत्री श्री किशोर शर्मा, प्रचार मंत्री श्री रमेश जांगिड, महिला प्रतिनिधि माया देवी, अरविंद शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री सचिन शर्मा शामिल हैं।

समारोह की अध्यक्षता निवर्तमान राष्ट्रीय प्रधान श्री कैलाश चन्द्र बरनेला द्वारा की गई तथा समारोह श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) नवनिर्वाचित प्रधान महासभा दिल्ली के मुख्य आतिथ्य में हुआ तथा विशिष्ट अतिथियों में हडपसर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक श्री योगेश टिलेकर, प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान श्री लखन शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली श्री लादूराम जांगिड, प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्री मदनलाल जांगिड, प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक श्री गिरधारी लाल जांगिड गोवा, प्रदेशाध्यक्ष मध्यप्रदेश श्री प्रभुदयाल जांगिड, प्रदेशाध्यक्ष गुजरात श्री द्वारका प्रसाद जांगिड, उद्योगपति मुम्बई श्री मीताराम जांगिड अध्यक्ष जांगिड सेवा संघ मुम्बई, श्री हरिराम जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड सेवा संघ मुम्बई, श्री मोहनलाल दायमा भामाशाह, श्री चम्पालाल पूर्व प्रधान, श्री प्रदीप शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष म.प्र., श्री लक्ष्मीनारायण पूर्व प्रधान, श्री आर.पी. सिंह दिल्ली आदि सैंकड़ों गणमान्य समाज बन्धु उपस्थित हुए।

**जांगिड प्रतिभा खोज परीक्षा 2018 का आयोजन सांचोर में सम्पन्न**

21 जनवरी, 2018 को सुथार समाज छात्रावास सांचोर में जांगिड प्रतिभा खोज परीक्षा 2018 व कॅरिअर गाइडेंस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। परीक्षा संयोजक व छात्रावास अध्यक्ष श्री सुरेश डी. सुथार ने बताया कि 181 विद्यार्थियों ने प्रतिभाखोज परीक्षा में भाग लिया। कार्यक्रम जोगाराम पूर्व प्रधानाचार्य, कोषाध्यक्ष भलाराम चोयल एवं उपाध्यक्ष बाबूलाल खारा के आतिथ्य में हुआ। कॅरिअर कॉन्फ्रेंस के तहत विद्यार्थियों को वक्ताओं द्वारा प्रतिस्पर्धा के युग में प्रतियोगिता परीक्षा, बोर्ड की परीक्षा की तैयारी एवं अच्छे अंक लाने के गुर सिखाए। इस दौरान रीड़मलराम जे.टी.ओ. भीनमाल, सांवलाराम हरियाली, मिश्री लाल, निर्मल सुथार, सचिव जगदीश

चोयल, प्रकाश हरियाली, व्याख्याता श्रवण कुमार, प्रकाश कुमार, हीराराम मीरपुरा, प्रियंका जांगिड, सरस्वती जांगिड एवं भरत अरणाय सहित बड़ी संख्या में समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

प्रतिभा खोज परीक्षा परिणाम में सीनियर वर्ग बालिका में दीपिका सुथार खारा ने प्रथम, जिगना वासन, ज्योत्सना हरियाली, भाग्यश्री वासन ने द्वितीय तथा सोहनी धनेरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर बालक वर्ग में प्रहलाद वासन ने प्रथम, मुकेश सुथार पथमेड़ा ने द्वितीय तथा अरविंद कारोला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वही कनिष्ठ बालिका वर्ग में पूजा सुथार मीरपुरा ने प्रथम, कविता हरियाली ने द्वितीय तथा मंजु सुथार साखल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ बालक वर्ग में भावेश कुमार धमाणा ने प्रथम, जितेन्द्र सुथार दुदुसन ने द्वितीय तथा महेश कुमार खारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

झारखण्ड जमशेदपुर 20 जनवरी। झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सोन मण्डप (सूर्य मंदिर) सिदगोड़ा हॉल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामआसरे विश्वकर्मा थे। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सम्पूर्ण देश में विश्वकर्मा समाज की बड़ी आबादी है, जिन्हें एकजुट करके एक महाशक्ति बनाने की आवश्यकता है। आज तक देश में सभी अनगिनत विश्वकर्मा समाजसेवी संस्थाएं विश्वकर्मा समाज को एकजुट में असफल रही हैं, क्योंकि उनकी नीतियां और कार्यक्रम स्पष्ट नहीं थे और न संघर्ष के मुद्दे तय थे। झारखण्ड, महाराष्ट्र, गुजरात आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश के सभी पांचाल, धीमान, सुथार, जांगिड, शर्मा, ओझा, रामगढ़िया, टोंक, मैथिल, तरखान, शिल्पकार, स्वर्णकार, ताम्रकार सभी को विश्वकर्मा के नाम पर एकजुट होकर एक मंच पर आने की जरूरत है। तभी आपकी पहचान बनेगी। श्री विश्वकर्मा ने सभी शिल्पकारों और विश्वकर्मा वंशियों को नीतियों और कार्यक्रमों के आधार पर एकजुट होकर बुनियादी मुद्दों पर संघर्ष करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा और उनके सहयोगियों को बधाई दिया कि उन्होंने राजधानी में विशाल प्रदर्शन करके विश्वकर्मा समाज की समस्याओं की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश में विश्वकर्मा वंशियों को कहा कि सामाजिक और राजनैतिक तौर पर जागरूक किया जाना चाहिए।

झारखण्ड में विश्वकर्मा समाज के लोगों पर निरंतर हो रहे उत्पीड़न और अत्याचार की घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए इसे तत्काल रोकने हेतु सभी को एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी ऐसी घटनाओं पर प्रभावी कदम उठाते हुए सरकार से घटनाओं को रोकने के लिए दबाव बनाएंगे। श्री विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा समाज की बुनियादी समस्याओं के समाधान करने और झारखण्ड में लकड़ी और लोहे का कारोबार विश्वकर्मा वंशियों के लिए आरक्षित करने के लिए सरकार से नीति बनाने की मांग की। समाज के पैतृक व्यवसाय को संरक्षित किए बिना समाज को बड़े पैमाने पर रोजगार नहीं दिया जा सकता, जैसा उत्तर प्रदेश में सपा सरकार में मैंने मंत्री रहते हुए विश्वकर्मा समाज को वर्कशॉप के लिए ग्राम सभा के जमीन के पट्टे का आदेश तथा आई.टी.आई. का प्रमाण पत्र का आदेश जारी कराया था। विश्वकर्मा पूजा का सार्वजनिक अवकाश घोषित कराकर विश्वकर्मा समाज की पहचान सपा सरकार में बनाई थी। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जब तक विश्वकर्मा समाज के लोग राजनीति में नहीं आएंगे और एम.पी. और एम.एल.ए. नहीं बनेंगे और सरकार में भागीदार नहीं होंगे तब तक न उत्पीडन रूकेगा न विकास होगा और न तो हमारी पहचान बनेगी। हमारे लोग राजनीति में बहुत पीछे हैं। राजनैतिक फैसले लेना नहीं जानते। नेताओं के आपसी विरोध ने विश्वकर्मा समाज को बहुत पीछे ढकेल दिया है, अब और उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा का संगठन पूरे देश में काम कर रहा है। हम सभी को इस संगठन के साथ मिलकर अपनी लड़ाई लड़ने और अपनी आवाज़ केन्द्र सरकार तक बुलन्द करना चाहिए। श्री विश्वकर्मा ने समाज के सम्मान और पहचान बनाने के लिए सभी को एकमंच पर आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में झारखण्ड के सभी जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे।

कार्यक्रम में श्री विकास राणा प्रदेश अध्यक्ष, श्री अरूण ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रांत विश्वकर्मा, श्री सुभाष राणा, श्री संजय राणा, श्री अर्जुन शर्मा, श्री सन्तोष शर्मा, श्री हिरामन मिस्त्री, श्री मनोज शर्मा, प्रो. कैलाश राणा, श्री देव नारायण राणा, श्री कान्त विश्वकर्मा, श्री मिथिलेश शर्मा मधुकर, श्री विनोद राणा, श्री दीपक शर्मा, श्री रंजीत विश्वकर्मा, श्री मधुसूदन शर्मा, श्री दुर्गा प्रसाद राणा, लवकुमार विश्वकर्मा सहित समाज के कई पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

### श्री विश्वकर्मा जांगिड विकास समिति भीलवाड़ा की ओर से विश्वकर्मा जयंती धूम-धाम से मनाई

विश्वकर्मा जयंती पर श्री विश्वकर्मा जांगिड विकास समिति की ओर से कुवाड़ा रोड़ स्थित विश्वकर्मा जांगिड कन्या छात्रावास में दो दिवसीय विश्वकर्मा जयंती समारोह सम्पन्न हुआ। संजय कॉलोनी स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में प्रातः मंगला आरती के पश्चात् समाज द्वारा बैण्ड बाजे के साथ शोभा यात्रा व वाहन रैली निकाली गई। हाथों में ध्वज पताका लिए घुड़सवारों की अगुवाई में बच्चे, युवतियाँ व महिलाएं भजनों पर झूमते-गाते, जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई दोपहर को कुवाड़ा रोड़ स्थित जांगिड छात्रावास पहुँचकर सामाजिक सभा में परिवर्तित हो गई। समिति अध्यक्ष श्री रामगोपाल सीलक ने बताया निम्बार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री के सान्निध्य, प्रमोद कुमार झड़ौन्दिया के मुख्य आतिथ्य में एवं कैलाश चोयल की अध्यक्षता व रामेश्वर पेड़वाल, रामचन्द्र सीलक व जमनालाल के विशिष्ठ आतिथ्य में आयोजित समारोह में समाज की स्मारिका का लोकार्पण कर लगभग 305 प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।

युवा संगठनों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 120 यूनिट रक्त भी एकत्रित किया गया। भामाशाहों ने कन्या छात्रावास के निर्माण हेतु खुलकर योगदान दिया। भैरूलाल सीलक, सांवरमल जेठानिया, महावीर सुथार, रमेश कींजा, बरदीचन्द मारोठिया, लादूलाल पेड़वाल, भैरूलाल कणोदा व कृष्ण गोपाल झाड़ूदिया सहित कई

पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहसचिव डॉ. कृष्ण गोपाल जांगिड द्वारा किया गया।

**विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में पीपलू (टोंक) में आयोजन सम्पन्न**

विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को पीपलू कस्बे में विश्वकर्मा मन्दिर में पूजा-अर्चना के कार्यक्रम हुए। कृष्ण कुमार जांगिड ने बताया कि जयंती की पूर्व संध्या पर रात्रि जागरण मन्दिर में हुआ, जिसमें भजनों की प्रस्तुतियाँ शंकर व नोरत गायक कलाकार द्वारा दी गई। समाज में बालिका शिक्षा को बढ़ावा व विश्वकर्मा महाराज के बताए मार्ग पर चलने तथा कुरुतियाँ समाप्त करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर शंकर बनवाड़ा, नानगराम, विष्णु, दीपू, अनिल, हनुमान, मनदीप सहित कई गाँवों के समाज बन्धु उपस्थित हुए।

**विश्वकर्मा जयंती जांगिड समाज हिण्डौन सिटी द्वारा धूमधाम से मनाई**

जांगिड समाज की ओर से भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई। गौशाला के पास स्थित जांगिड ब्राह्मण छात्रावास में आयोजित समारोह में लोगों ने एकता व अखण्डता के लिए एकजुटता पर जोर देते हुए संकल्प लिया।

श्री वेद प्रकाश जांगिड ने बताया कि सर्व प्रथम भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना की गई। प्रकाश चन्द शर्मा द्वारा समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने को कहा, क्योंकि शिक्षा के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता। विश्वकर्मा जयंती पर ऐच्छिक अवकाश भी घोषित करें तथा प्रदेश में तकनीकी विश्वविद्यालय का नाम विश्वकर्मा के नाम पर रखा जाए।

इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की माला की बोली लगाई गई जो 7100 रुपए की श्री बाबूलाल जांगिड रीठौली के नाम रही। जिनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर रघुवीर कटारिया, ओमप्रकाश जांगिड, कल्लूआराम, श्री लाल, चन्दू जांगिड, हरिचरण जांगिड, मुरारी लाल, सीताराम, रामगोपाल कटारिया, दिनेश जांगिड, मदनमोहन, वासुदेव, दीनदयाल, रमेश, रामदयाल, पूरन, मनोहरी आदि उपस्थित हुए।

**नादोती (करौली) जांगिड धर्मशाला में विश्वकर्मा जयंती महोत्सव मनाया**

विश्वकर्मा जयंती पर जांगिड धर्मशाला नादोती में विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें पं. ओम प्रकाश चतुर्वेदी द्वारा विश्वकर्मा जी की पूजा, हवन करवाया गया। विश्वकर्मा महाराज की माला की बोली लगाई जो 21 हजार की श्री घनश्याम जांगिड द्वारा लगाई गई। तहसील अध्यक्ष श्री सीताराम जांगिड ने लोगों को सम्बोधित किया, उन्होंने समाज के विकास हेतु 51 हजार रुपए भी प्रदान किए। कार्यक्रम में जतीराम, रामस्वरूप, मोहनलाल, गजानन्द, विष्णु, दीनदयाल, बाबूलाल, कैलाश, किशन, रामस्वरूप, राधेश्याम, लक्ष्मीनारायण, भरोसी, लक्ष्मीनारायण सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति सम्मलित हुए।

**जोधपुर जांगिड पंचायत समिति के तत्वावधान में स्व. श्री रामचन्द्र जांगिड की मूर्ति का अनावरण पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किया गया**

26 जनवरी, 2018 को जांगिड पंचायत जोधपुर के तत्वावधान में विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर, जोधपुर में जांगिड पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री रामचन्द्र जांगिड की मूर्ति का अनावरण राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान पंचायत अध्यक्ष श्री सत्यनारायण कुलरिया द्वारा की गई। मंच संचालन जांगिड पंचायत समिति के सचिव डॉ. कमल आसदेव द्वारा किया गया। समारोह में उपस्थित समाज बन्धुओं व राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों में श्री पुखराज पाराशर कांग्रेस महासचिव, भामाशाह श्री मघाराम कुलरिया (सिलवा), पूर्व जे.डी.ए. अध्यक्ष राजेन्द्र सोलंकी, शेरगढ़ कांग्रेस नेता उम्मेद सिंह राठौड़, कन्हैयालाल जांगिड अध्यक्ष संभागीय विधि प्रकोष्ठ कांग्रेस, उद्योगपति पूनाराम बरनेला (पंचमुखी विश्वकर्मा), उद्योगपति एम.डी. शर्मा (आयुषी बिल्डर्स), श्री रामसुख, जीवाराम रालड़िया, नरसिंह दाहिया साथ ही समाज के जांगिड पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण छड़िया, कोषाध्यक्ष मदनगोपाल बदेड़ा, सहसचिव फतेहराज माकड़, जांगिड युवा संघ संरक्षक मदन जोपिंग, संरक्षक विनोद आसलिया, संरक्षक मदन कुलरिया, यशवंत जोपिंग की उपस्थिति में युवा संघ की एक मीटिंग रखी गई, जिसमें आगामी श्री विश्वकर्मा जयंती की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श हुआ। आपसी मतभेदों को भुलाकर हमें सुथार समाज में एकता का परिचय देते हुए सभी से अपील की गई तथा सभी एकता का परिचय देवें। युवा संघ के संरक्षक डॉ. कमल आसदेव, मदन जोपिंग, फतेहराज माकड, विनोद आसलिया, मदन कुलरिया, अमित आसदेव, प्रमोद बरड़वा, दिलीप छड़िया, विकास जांगिड, पियूष, राकेश, किशन एवं समाज बन्धु एवं युवा साथी, श्री जांगिड युवा संघ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

–यशवंत राज जोपिंग (जोधपुर)

**जांगिड ब्राह्मण बैंक अजमेर के तत्वावधान में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर्व सौल्लास से मनाया**

जांगिड ब्राह्मण बैंक परिसर अजमेर में जांगिड ब्राह्मण बैंक के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयंती पर्व सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रातः हवन एवं पूजा की गई। तत्पश्चात् बुजुर्गों की रस्साकसी एवं चेयर रेस प्रतियोगिता हुई। सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम व पारितोषिक वितरण हुआ, जिसके मुख्य अतिथि भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश शर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान् विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ सम्पन्न हुआ।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें पुरुष दौड़ में गौरव प्रथम, अमन द्वितीय तथा दक्ष को तृतीय पुरस्कार मिला। बालिकाओं की दौड़ में लक्षिता प्रथम, दक्षिता द्वितीय तथा चम्मच रेस में अंजली प्रथम व रिया द्वितीय रही। मेहन्दी प्रतियोगिता में चेतना शर्मा प्रथम, प्रतीक्षा शर्मा द्वितीय तथा रविना शर्मा को तृतीय पुरस्कार मिला। तीन टांगरेस में प्राची एवं अंजली प्रथम, मनीषा एवं अनवेशा द्वितीय, महक व रिया को तृतीय पुरस्कार मिला। कबड्डी में सुनील एण्ड टीम एवं रस्सा कसी में चन्द्रकान्ता व टीम विजयी रही। महिलाओं के लिए सुई-धागा रेस, रंगोली, सलाद

प्रतियोगिता भी हुई। इस अवसर पर श्री श्रीगोपाल चोयल पूर्व उपप्रधान, श्री देवकीनन्दन नांगल पूर्व उपप्रधान, श्री सुधीर पंवार शाखा सभा अध्यक्ष, श्री रमेश सीदड़, श्री राजेन्द्र मारोठिया आदि अनेक गणमान्य उपस्थित थे। संयोजक राकेश नारनौलिया ने सभी का आभार प्रकट किया।

## श्री विश्वकर्मा जांगिड विकास समिति कुड़ी भगतासनी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

श्री विश्वकर्मा जांगिड विकास समिति कुड़ी भगतासनी की ओर से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी.बी.आई. जज श्री मंशाराम सुथार थे। लूणी विधायक श्री जोगाराम पटेल, जे.डी.ए. पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेन्द्र विश्नोई, नगर निगम पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री गणेश बिजाणी, श्री जांगिड पंचायत जोधपुर के पूर्व अध्यक्ष श्री रमेश प्रकाश शर्मा व श्री वासुदेव बुढ़ल विशेष अतिथि थे।

समारोह की अध्यक्षता संस्था के सहसंरक्षक श्री मोहनलाल जायलवाल ने की। संस्था अध्यक्ष श्री रणछोड़ राय, उपाध्यक्ष श्री भंवर लाल सांड, सचिव श्री रामचन्द्र कुलरिया, कोषाध्यक्ष श्री नेनाराम बुढ़ल, सहसचिव श्री मूलाराम सांड, सह कोषाध्यक्ष श्री सुखराम कुलरिया व झंवर मण्डल अध्यक्ष श्री खींवराज जांगिड द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। समाज के भामाशाहों द्वारा छात्रावास में 10 कमरे बनवाने की घोषणाएं भी हुईं।

## चौहटन (बाड़मेर) में श्री विश्वकर्मा समाज संस्थान द्वारा विश्वकर्मा जयंती समारोह श्री जोगाराम जांगिड (आई.ए.एस.) के मुख्य आतिथ्य में मनाया

29 जनवरी, 2018 को श्री विश्वकर्मा समाज संस्थान चौहटन में विश्वकर्मा जयंती समारोह में मुख्य अतिथि श्री जोगाराम जांगिड (आई.ए.एस.), श्री तरूणराय कागा विधायक चौहटन, परमपूज्य संत श्री पूर्णानन्द सरस्वती, श्री आदुराम मेघवाल पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, श्री रामकिशोर जांगिड प्रधानाचार्य, श्री शैतान मल सुथार (एक्स.ई.एन.), श्री युवराज कागा (एबी.ई.ई.ओ. चौहट), श्री नाथूराम सरपंच गंगाला, समाज अध्यक्ष श्री बांकाराम जांगिड, समाज सचिव राणाराम जांगिड, श्री सवाई माण्डण जिला मंत्री शिव सेना जोधपुर, श्री प्रहलाद ईटादा, श्री रमेश धीर, श्री मानाराम ओढाणा, श्री जसाराम लदरेचा आलमसर, श्री तेजाराम डोयल चौहटन, श्री कालू धीर ककराला, श्री दशरथ जोपिंग युवा कमेटी अध्यक्ष, श्री मानाराम गंगाला, श्री सांगाराम खड़ीन, श्री रामाराम सलूण, श्री चन्द्रणो ठोक, श्री मेघाराम कुलरिया ईटादा, श्री हेमाराम भदरेचा, श्री हिमताराम धीर बावड़ी कला, श्री हीरालाल बाघमार बाड़मेर, श्री देवाराम तुड़बी, श्री भगाराम अरटा आदि महानुभावों ने उपस्थिति दी। श्री जोगाराम जांगिड का समाज संस्थान चौहटन द्वारा हार्दिक आभार प्रकट किया। आप हर साल विश्वकर्मा जयंती पर चौहटन में अपना अमूल्य समय देते हैं। विधायक महोदय द्वारा चौहटन श्री विश्वकर्मा समाज संस्थान में वाचनालय के लिए चार लाख दिए। समाज संस्थान चौहटन की ओर से उनका भी आभार प्रकट किया गया।

## जांगिड पंचायत बाड़मेर में विश्वकर्मा जयंती पर शोभा यात्रा एवं भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित

जांगिड पंचायत बाड़मेर में विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर रात्रि भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें सुरेश जांगिड एण्ड पार्टी की ओर से भजनों की प्रस्तुतियाँ दी गई। विश्वकर्मा जयंती 29 फरवरी, 2018 को प्रात: हवन व आरती का कार्यक्रम हुआ तथा इसके उपरान्त विभिन्न प्रकार की बोलियां लगाई गईं, जिसमें दानदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

दोपहर में कलश यात्रा के साथ शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियाँ आकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभा यात्रा विश्वकर्मा मन्दिर सरदारपुरा से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई राय कॉलोनी स्थित जांगिड पंचायत भवन पहुँची जहाँ पर महाप्रसादी एवं सामूहिक भोजन का आयोजन रखा गया।

सायंकाल विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों एवं समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके उपरान्त सामाजिक विकास गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्री रामचन्द्र, हरीश मारूड़ी, किशोर चन्द्र शर्मा, किशन लाल, हिम्मतराम ने अपने विचार रखे। जांगिड महिला मण्डल अध्यक्ष मगीदेवी ने समाज में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मोतीलाल जांगिड, हरीश व दीपाराम जांगिड द्वारा किया गया।

## पूणे में श्री विश्वकर्मा राजस्थानी सुथार समाज ट्रस्ट द्वारा विश्वकर्मा जयंती आयोजन सम्पन्न

श्री विश्वकर्मा राजस्थानी सुथार समाज ट्रस्ट के मन्दिर प्रांगण में श्री विश्वकर्मा जयंती का 19वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

भजन संध्या व जागरण में विश्वकर्मा भजन मण्डली हैदराबाद कस्तूर माकड़ व उनके साथियों द्वारा पारम्परिक राजस्थानी भजनों की सुन्दर प्रस्तुतियां दी गईं। दिन भर चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज बन्धु सपरिवार उपस्थित हुए। विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना स्तुति एवं मंगल आरती के साथ जयंती समारोह प्रारंभ हुआ। जिसमें डॉ. हुकमाराम लुंजा बाड़मेर, श्री पुनाराम जोपिंग बुड़किया मुम्बई के युवा नेता एवं समाज सेवी श्री संजय बुढ़ल, सुथार समाज के अध्यक्ष भैराराम डूंगरराम आसदेव की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष मोहन लाल आसुराम पाखरवढ़ समारोह में पधारे अतिथियों तथा समाज के सभी लोगों का सुथार समाज पूणे की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन मेल-जोल तो बढ़ाते हैं ही साथ ही भावी पीढ़ी व बच्चों को समाज के बारे में जानकारी भी मिलती है। हम व्यस्तताओं के चलते बच्चों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं, जबकि असली पूंजी तो ये बच्चे ही हैं। बच्चों का भविष्य यदि सुधरेगा तो ही हमारा जीवन सार्थक होगा। इसी दौरान बीच-बीच में बोलियों का कार्यक्रम भी चलता रहा, जिसमें समाज ने उत्साह पूर्ण भाग लिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष अचलाराम दुर्गाराम जोपिंग, चैनाराम अम्बुराम कुलरिया, सचिव अचला राम मोडुराम कुलरिया, कोषाध्यक्ष प्रेमचन्द अजाराम कुलरिया व मारवाड़ मुम्बई के

समाज सेवी सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### सोमेसर में श्री विश्वकर्मा सुथार समाज विकास समिति द्वारा विश्वकर्मा जयंती का आयोजन

ग्राम पंचायत सोमेसर विधायक श्री बाबू सिंह राठौड़ द्वारा विश्वकर्मा मन्दिर में विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक पोल का लोकार्पण किया। समाज की प्रतिभाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मान किया गया। विधायक द्वारा विश्वकर्मा मन्दिर में सुथार समाज के छात्रावास के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी इस अवसर पर की गई। वहीं सोमेसर सरपंच लखदान द्वारा 1 लाख रुपए में शौचालय निर्माण करवाने की घोषणा भी की गई। श्री विश्वकर्मा सुथार समाज विकास समिति की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया, जिसमें श्री बाबूलाल धीर अध्यक्ष, शिवलाल जोपिंग उपाध्यक्ष, पेनराम जोपिंग वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चेनाराम पाखरवड़ सचिव, देवी लाल पाखरवड़ कोषाध्यक्ष व बाबूराम बुडढ को व्यवस्थापक बनाया गया।

### सोजत सिटी में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई

विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन जांगिड समाज विश्वकर्मा मन्दिर प्रबंध समिति न्यास सोजत सिटी शहर से किंजों के बास से होती हुई शोभा यात्रा चारभुजा मन्दिर, मैन बाजार, राजपोल गेट, पाली रोड़ होते हुए पाली रोड़ विश्वकर्मा मन्दिर पहुँची।

जांगिड समाज विश्वकर्मा मन्दिर प्रबंध समिति न्यास सोजत सिटी के तत्वावधान में स्वागत समारोह में सोजत विधायक संजनाणी आगर, महासभा के भूतपूर्व महामंत्री भगवानाराम फौजी जोधपुर, जिला महामंत्री गोविन्द बरड़वा जोधपुर, सोनाराम दुदोड़, रामकिशन बरड़वा, छात्रावास के भामाशाह डॉ. सुखदेव, राम किशन, चन्दनमल पिड़वा मुम्बई, हेमन्त बिराणिया सोजत, पूनाराम बरनेला, गोविन्द बरड़वा जोधपुर, सुखदेव पिड़वा सोजत से, सोमदत्त पिड़वा, समाज सेवी मिश्री लाल सांड जाडन, उद्योगपति मांगीलाल कींजा धुधला, प्रताप गुगरिया दुदोड़, रघुनाथ चोयल, सुनील अठवासिया, प्रवीण कुलरिया, ताराचन्द जांगिड, जगदीश जांगिड, उपाध्यक्ष मदन कुलरिया, सचिव अविनाश बरड़वा एवं भैरूलाल लीकड़ आदि उपस्थित थे।

### बांदीकुई में विश्वकर्मा जयंती का भव्य आयोजन

बांदीकुई (दौसा) ब्लॉक में विश्वकर्मा जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई, जिसमें 1100 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा एवं 21 रथ सुसज्जित झांकियों के साथ और लगभग 2000 समाज बन्धुओं द्वारा कलश यात्रा का आयोजन हुआ, जिसको स्थानीय विधायक द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

### श्री जांगिड ब्राह्मण समाज बैंग्लुरु कर्नाटक द्वारा भगवान श्री विराट विश्वकर्मा जन्मोत्सव का आयोजन

श्री जांगिड ब्राह्मण समाज बैंग्लुरु कर्नाटक (1988) का 30वां भगवान श्री विराट विश्वकर्मा जन्मोत्सव का गुट्टे वीर आंजनेया टेम्पल लाल बाग डबलरोड गेट के पास पर आयोजन हुआ, जिसमें रात भर भजनों की प्रस्तुतियाँ सुरेश कुमार एण्ड पार्टी द्वारा दी गई। राजस्थान से पधारे संत महाराज सोमगिरी द्वारा भगवान विश्वकर्मा का यशोज्ञान किया गया तथा समाज में बालिका शिक्षा, एकता एवं स्वच्छता गंगा गाय, देश सेवा व समाज सेवा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। भगवान को भोग अर्पण कर महाप्रसाद पाया तथा महाराज के सान्निध्य में नवीन नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष रामरतन दुगेसर, सचिव राम किशन कढ़वाणिया, कोषाध्यक्ष नन्द किशोर भावरेल व फूलचन्द कंकडावा तथा अन्य सदस्यों को त्रैवार्षिक कार्यकारिणी हेतु मनोनीत किया तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित थे।

### राजस्थान सुथार समाज सूरत द्वारा विश्वकर्मा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया

राजस्थान सुथार समाज सूरत द्वारा 42वां भगवान विश्वकर्मा जयंती महोत्सव भटार रोड़ सत्संग भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

28 जनवरी, 2018 को जयंती की पूर्व संध्या पर ज्योत आरती की गई। सायंकाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 40 यूनिट रक्तदान हुआ। भोजन प्रसादी हुई तथा रात्रि जागरण में रामेश्वर दास जी, सत्यनारायण वैष्णव बीकमकोर, श्रवण राजुदास, रामनिवास, सीताराम, लक्ष्मणदास व स्थानीय कलाकारों ने सुन्दर भजनों की प्रस्तुति दी, जिसमें प्रात: 5 बजे तक श्रोतागण सत्संग भवन में जमे रहे।

29 जनवरी, 2018 विश्वकर्मा जयंती पर प्रात: हवन एवं पूजा की गई, महाप्रसादी हुई तथा दोपहर को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कमेटी चयन सायंकाल रखा गया, जिसमें पूर्व की कमेटी में कोई बदलाव नहीं हुआ। यही कमेटी पिछले छ: वर्षों से अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है।

समाज अध्यक्ष मोहनराम, बाबूलाल, सीताराम, छोटूलाल, हेमेश, सुर्जनराम, रामेश्वर, उगमाराम, श्रवण धामू, गोपालराय, डॉ. पी.आर. सुथार, रामनारायण, विजय, लुम्बाराम, माणकराम, रामदेव, सुरेश, भंवरलाल, देवीलाल व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

**–श्रवण धामू** (मीडिया प्रभारी सूरज)

### समस्त सुथार समाज बड़ौदा द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर शोभा यात्रा निकाली

विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्मा जी की शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी विश्वकर्मा बन्धुओं का विशेषकर बड़ौदा सुथार समाज एवं बड़ौदा सुथार युवा कमेटी तथा पुलिस का योगदान रहा।

शोभा यात्रा का शुभारंभ चीफ गेस्ट श्रीमान् चुनाराम सुथार आई.आर.एस. कमिश्नर अहमदाबाद व समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा प्रात: गौत्री विश्वकर्मा मन्दिर से हुआ। वहाँ से निजामपुरा में समस्त राजस्थानी समाज द्वारा श्री महावीर सिंह जी राजपुरोहित, सायजीगंज विधायक जीतू भाई, सुखाड़िया कॉर्पोरेट पन्ना बैन द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया तथा अमूल मिल्क वितरित किया गया।

श्री विश्वकर्मा मन्दिर छाणी पहुँचकर भव्य धूमधाम से स्वागत किया गया। इसके बाद में विजयराज नगर श्री विश्वकर्मा मन्दिर समा पहुँची वहाँ भी समस्त सुथार समाज ने पुष्पहार से स्वागत किया। वहाँ से विश्वकर्मा मन्दिर समा शांति नगर पर यात्रा का समापन समारोह

हुआ। इस प्रकार 18 कि.मी. लम्बे रास्ते से होते हुए बहुत ही शांति एवं सद्भाव व एकता का परिचय देते हुए शोभा यात्रा पूर्ण हुई।

**जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर द्वारा आयोजित विश्वकर्मा जयंती महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न**

विश्वकर्मा जयंती महोत्सव जां. समाज हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया।

28 जनवरी, 2018 को विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर गुलाब विहार, श्योपुर रोड़, सांगानेर में रात्रि भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें सैंकड़ों समाज बन्धुओं ने भजनों का आनन्द लिया।

कार्यक्रम का आरम्भ भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन श्री हनुमान प्रसाद जांगिड अध्यक्ष विश्वकर्मा विकास ट्रस्ट द्वारा किया गया। गणमान्य व्यक्तियों में श्री बाबूलाल जांगिड सांगानेर (हनुमान ट्यूबवेल कम्पनी), श्री छोटेलाल जांगिड प्रहलादपुरा अध्यक्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन सांगानेर, श्री पप्पू लाल देशमा, श्री रामचरण जांगिड अध्यक्ष कारपेन्टर एसोसिएशन, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, समिति के पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी सदस्य तथा समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

29 जनवरी, 2018 विश्वकर्मा जयंति को दोपहर में समिति द्वारा गुलाब विहार, श्योपुर रोड़, सांगानेर में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन किया गया। मंचासीन अतिथियों में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली, श्री हनुमान प्रसाद जांगिड अध्यक्ष विश्वकर्मा विकास ट्रस्ट जयपुर, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) पूर्व महामंत्री प्रदेश सभा राज., श्री राधेश्याम जांगिड पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री प्रभुदयाल जांगिड सम्पादक जांगिड ब्राह्मण पत्र, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री बंशीलाल जांगिड अध्यक्ष जां. विकास समिति जगतपुरा, श्री बाबूलाल जांगिड हनुमान ट्यूबवेल कम्पनी, श्री नवल किशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री छोटेलाल जांगिड सम्मेलन अध्यक्ष सांगानेर, श्री कैलाश जांगिड पूर्व अध्यक्ष जां.ब्रा. विकास समिति जगतपुरा, श्री मुरारी लाल जांगिड पूर्व अध्यक्ष जगतपुरा, श्री सुरेश जांगिड, श्री जगदीश राजस्थान पत्रिका जयपुर आदि उपस्थित हुए।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सामूहिक आरती हुई। श्री रविशंकर जी, हनुमान जी, लखन जी, घनश्याम जी का माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर, प्रतीक चिह्न भेंट कर समिति अध्यक्ष श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड (मांगरोल), श्री जगदीश नारायण डूंगरी सचिव, श्री ओमप्रकाश काचरिया कोषाध्यक्ष, श्री बृजमोहन जांगिड एवं श्री धन्नालाल जांगिड पूर्व समिति अध्यक्ष, श्री रमेश चन्द जांगिड, श्री के.एल. शर्मा पूर्व सचिव व संरक्षक, श्री गणेश नारायण जांगिड, श्री चौथमल जांगिड, श्री विजय नारायण जांगिड, श्री रामस्वरूप जांगिड लाखोलाई आदि द्वारा सम्मानित किया गया तथा सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया।

कक्षा 5वीं से 12वीं तक की (75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली) प्रतिभाओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया, जिसमें उनको प्रमाण-पत्र, पैनसेट, वॉटर बॉटल एवं प्रतीक चिह्न से नवाज़ा गया। लगभग 50 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री कैलाश शर्मा (साली वाले), श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार, श्री नवल किशोर, श्री रविशंकर शर्मा द्वारा उद्बोधन हुआ, जिसमें शिक्षा पर बल दिया गया। समिति को ऐसे आयोजन के लिए बधाई प्रेषित की तथा संगठन पर विशेष बल दिया।

अन्त में समिति अध्यक्ष श्री रामेश्वर प्रसाद द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी समाज बन्धुओं व अतिथियों को पौषबड़ा प्रसादी के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर समिति द्वारा लगभग 2000 समाज बन्धुओं के लिए प्रसादी का इंतजाम किया गया।

**उदयपुर विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था द्वारा विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन सम्पन्न**

29 जनवरी, 2018 को विश्वकर्मा जयंती के पावन पर्व पर उदयपुर विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था द्वारा विश्वकर्मा जयंती महोत्सव एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

प्रात: 9 बजे संस्था भवन पर समाज बन्धुओं एवं सदस्यों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई, जिसके अन्तर्गत सर्वप्रथम पं. अनन्त देव शर्मा के सान्निध्य में हवन, पूजन, पूजा-अर्चना से प्रारंभ होकर शर्मा चिकित्सालय जयपुर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. डी.पी. शर्मा द्वारा नि:शुल्क दंत चिकित्सा एवं परामर्श दिया गया।

सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति जी से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) चित्तौड़गढ़ श्री शांति लाल सुथार, मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राधेश्याम माकड़, दंत चिकित्सक डॉ. डी.पी. शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संस्था अध्यक्ष श्री राजेन्द्र शर्मा एवं सचिव बलवंत शर्मा द्वारा संस्था के विकास क्रम की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं का संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण किया गया।

सर्व प्रथम संस्था की परम्परानुसार 75 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त वरिष्ठजनों का सम्मान समर्पण कर अभिनन्दन किया गया। इसके पश्चात् शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियाँ प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान अतिथियों द्वारा स्मृति चिह्न, शॉल एवं स्वर्ण पदक प्राप्त सुश्री मनीषा जांगिड, चित्रकला में राज्य स्तर पर पुरस्कृत श्रीमती रंजिता जांगिड, मानविकी विज्ञान में कुलाधिपति से स्वर्ण पदक प्राप्त श्रीमती विनीता जांगिड, वर्ष 2017 में 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सुश्री श्रुति शर्मा, अवनी शर्मा, पूर्वा शर्मा, निविधी शर्मा, भुवन शर्मा और 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मारवी शर्मा और नुपुर शर्मा थी।

संस्था द्वारा खेल एवं अन्य क्षेत्र की प्रतिभाओं में कराटे में सब जूनियर स्तर पर राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुकी सुश्री गौरी शर्मा और गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में आयोजित परेड़ में भाग लेने वाले एन.सी.सी. केडेट श्री प्रद्युम्न शर्मा शामिल रहे।

संस्था की ओर से संभवतः अन्य किसी से पहली बार विख्यात शिल्पियों का समाज स्तर पर सम्मान करने की परम्परा प्रारंभ करते हुए श्री प्रभु लाल शर्मा निवासी उदयपुर और श्री किशन लाल सुथार निवासी जैसलमेर का उत्कृष्ठता के आधार पर सम्मान किया गया।

अतिथियों ने संस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए अपना सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुर के समाज सेवी और दानदाता श्री नेमीचन्द शर्मा ने की। कोषाध्यक्ष श्री बाबूलाल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अन्त में भगवान की प्रसादी सभी ने सौल्लास ग्रहण की।

**-भैरूलाल सुथार** (संयुक्त सचिव)

## जिला सभा जयपुर द्वारा विशाल शोभा यात्रा एवं वाहन रैली का आयोजन विश्वकर्मा जयंती के पूर्व दिवस पर सम्पन्न

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जयपुर द्वारा 28 जनवरी, 2018 को प्रदेश भवन विद्याधर नगर, जयपुर से भगवान विश्वकर्मा जी की विशाल शोभा यात्रा एवं वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह शोभा यात्रा पूरे जयपुर में प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर से प्रातः 11.15 बजे प्रारंभ होकर अल्का टॉकीज, सीकर रोड़, चौमूं पुलिया, झोटवाड़ा पुलिया, खातीपुरा तिराहा, क्वीन्स रोड़, अजमेर रोड़, अजमेर पुलिया, गर्वमेन्ट हॉस्टल चौराहा, एम.आई. रोड़, अजमेरी गेट, न्यू गेट, सांगानेरी गेट, घाट गेट होती हुई घाट की गुणी स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में 4 बजे पहुँची, जहाँ पंडित जी ने विधिवत् रूप से जिलाध्यक्ष द्वारा पूजन करवाकर आरती की गई। सभी ने चाय, नाश्ता का मन्दिर परिसर में आनन्द लिया तथा सभी समाज बन्धुओं ने सभा की जिसकी अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष द्वारा की गई तथा मंच का संचालन श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया। इनकी ओर से जितने भी रैली में वाहन एवं झाँकियाँ लेकर आने वाली संस्थाओं को धन्यवाद दिया तथा सभी संस्थानों को जिन्होंने रैली में भाग लिया उनके अध्यक्षों का जिलाध्यक्ष द्वारा माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा इस बात की भी खुशी जाहिर की गई कि इतने लम्बे सफर में इतनी अधिक मात्रा में वाहन व झाँकियाँ होने पर रैली अपने एक अनुशासन के रूप में यहाँ तक पहुँची।

प्रातः 11.15 बजे सभी झाँकियाँ, चौपहिया वाहन, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने दुपहिया वाहन प्रदेश सभा भवन प्रदेश सभा पर कतारबंद हुए। जिला सभा की झाँकी का रथ सबसे आगे था, जिसमें महासभा प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री लखन शर्मा, श्री हनुमान प्रसाद जांगिड अध्यक्ष विश्वकर्मा विकास ट्रस्ट, श्री ओमप्रकाश जांगिड आर.ए.एस., श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री राहुल जांगिड पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष, श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष, श्री अजीत मांडण प्रदेश प्रवक्ता भाजपा आदि ने विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना की एवं सामूहिक आरती की गई।

इस अवसर पर श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा श्री राजेश शर्मा (डिजाइन एण्ड फेब्रीकेशन) को महामंत्री, श्री नरेन्द्र देव जांगिड झोटवाड़ा कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया तथा श्री राजेश शर्मा महामंत्री को श्री रविशंकर शर्मा प्रधान महासभा द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। वहीं श्री नरेन्द्र देव जांगिड को कोषाध्यक्ष के पद एवं गोपनीयता की शपथ श्री ओमप्रकाश जांगिड (आर.ए.एस.) द्वारा दिलवाई।

प्रदेश भवन पर अल्पाहार हर वर्ष की भांति श्री लालचन्द सिरोठिया, श्री रामबाबू सिरोठिया, श्री गोपाल सिरोठिया एवं सिरोठिया परिवार की ओर से था।

रैली को श्री हनुमान प्रसाद जांगिड, श्री रविशंकर शर्मा, श्री बी.सी. शर्मा, श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार, श्री ओमप्रकाश जांगिड आर.ए.एस., श्री अजीत माण्डण द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सबसे आगे युवा प्रकोष्ठ से दुपहिया वाहन रहे, बीच में आकर्षक झांकियाँ तथा पीछे लम्बा कारों का काफिला रैली के रूप में चलकर घाट की गुणी पहुँचा।

झाँकियां इन संस्थाओं की ओर से थीः-जिला सभा जयपुर, जांगिड विकास समिति सोडाला, कारपेन्टर एसोसिएशन जयपुर, कारपेन्टर एसोसिएशन मुरलीपुरा, शाखा सभा झोटवाड़ा, अतिथि गृह ढेहर का बालाजी, जांगिड विकास समिति दादी का फाटक, मन्दिर समिति घाट की गुणी, शाखा सभा रामपुरा रोड़, मन्दिर श्री सीताराम बास सांगानेर, शाखा सभा कालुण्डिया बास, तहसील सभा बगरू, विश्वकर्मा बाल विद्या मन्दिर स्टेशन रोड़ आदि लगभग 18 झांकियाँ सम्मलित थीं।

प्रदेश सभा से रैली रवाना हुई जहाँ जगह-जगह रैली को रोककर पुष्प वर्षा, अल्पाहार, पानी, कोल्ड ड्रिंक, फल, नमकीन, बिस्कुट आदि का वितरण हुआ। जिसमें दादी का फाटक एवं जांगिड इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, प्लाईवुड एवं संयुक्त रूप से, अतिथि गृह ढेहर का बालाजी, चौमूं पुलिया गोगोरिया परिवार, झोटवाड़ा पुलिया पूरण जी एवं शाखा सभा झोटवाड़ा, खातीपुरा ब्लॉक सभा पांच्यावाला, कर्मचारी समिति वैशाली नगर, हीरापुरा विकास समिति एवं युवा शक्ति, सोडाला में जांगिड विकास, समिति चार नं. डिस्पेंसरी अजन्ता ऑप्टीकल्स एवं विश्वकर्मा क्लब, टीबा का बास, घाट की गुणी, ट्रांसपोर्ट नगर पुलिया के ऊपर से कारपेन्टर एसोसिएशन आदि द्वारा रैली पर पुष्प वर्षा की गई।

## श्री जांगिड समाज (ट्रस्ट) कर्नाटक बैंग्लुरु द्वारा आयोजित भव्य तीन दिवसीय विश्वकर्मा जयंती महोत्सव सम्पन्न

श्री जांगिड समाज (ट्रस्ट) कर्नाटक बैंग्लुरु में 27-29 जनवरी, 2018 (तीन दिवसीय) श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन श्री विश्वकर्मा मंदिर व भवन प्रांगण में किया गया।

27 जनवरी, 2018 को दीप प्रज्वलित कर श्री भंवर लाल गुगरिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। उसके पश्चात् हास्य कवि सम्मेलन में श्री ताऊ शेखावाटी, सुरेश अलबेला, बुद्धि प्रकाश दाधीच, सुनील व्यास व सुश्री सलोनी राणा ने अपनी कविताओं की प्रस्तुतियाँ दीं।

28 जनवरी, 2018 को समारोह के मुख्य अतिथि श्री दिनेश

गुण्डुराव (विधायक) ने अपनी उपस्थिति देकर शोभा बढ़ाई। समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह में समाज बन्धुओं ने बोलियों के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उसके बाद सम्पूर्ण रात्रि भजन संध्या का समाज बन्धुओं ने आनन्द लिया।

29 जनवरी, 2018 को भगवान श्री विश्वकर्मा का हवन, पूजन, अभिषेक व आरती की गई। स्वामी श्री शिव आत्मानन्द सरस्वती जी के प्रवचनों का समाज बन्धुओं ने भरपूर लाभ अर्जित किया तथा समाज द्वारा महाप्रसादी की व्यवस्था की गई और लगभग दस हजार समाज बन्धुओं ने समारोह में उपस्थित होकर तन-मन-धन से सहयोग दिया। विश्वकर्मा जयंती के दिन कई प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह में शिरकत की तथा समाज के पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं पुरानी कार्यकारिणी का विदाई समारोह आयोजित किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्री तेजश लुंजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सवाई राम बुलरिया, उपाध्यक्ष श्री मनीराम लेखराव, सचिव श्री श्यामलाल आसलिया, उपसचिव श्री रामदेव धामू, कोषाध्यक्ष श्री पोलाराम बुढ़ल, उपकोषाध्यक्ष श्री रमेश कुमार लुंजा, व्यवस्था मंत्री श्री तुलछीराम छड़िया, व्यवस्था उपमंत्री श्री मिश्री लाल छड़िया, मंत्री श्री बजरंग लाल कींजा, निर्माण मंत्री श्री सज्जन राम कींजा, निर्माण उपमंत्री श्री खींवराज माकड़, मीडिया प्रभारी श्री जगराम भडेचा, मीडिया उप प्रभारी श्री किरताराम छड़िया व कमेटी सदस्य श्री हरिश धीर, श्री मनीष बामणिया, श्री माणक डोयल, श्री बुधाराम नागल, श्री मनोज कुमार भदरेचा, श्री गुलाब चन्द माकड, श्री हापुराम बुढ़ड, श्री पारसमल पिड़वा व श्री चेनाराम लुंजा का नाम सर्व सहमति से मनोनीत किया गया।

### श्री विश्वकर्मा सुथार (जांगिड) परिषद, चैन्नई द्वारा विश्वकर्मा जयंती समारोह सम्पन्न

श्री विश्वकर्मा सुथार (जांगिड) परिषद चैन्नई द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर आयोजन श्री हिंगलाज (खत्री समाज) भवन में किया गया। 28 जनवरी, 2018 को श्री गणेश स्थापना श्री वरदाराम, श्री सुनिल कुमार सुपुत्र श्री वगदाराम जोड़ द्वारा, विश्वकर्मा जी की तस्वीर की स्थापना श्री डायालाल, श्री सुरेश कुमार, श्री मुकेश कुमार, श्री दिनेश कुमार, श्री भंवरलाल सुपुत्र श्री जगाजी देवड़ा भाटी के द्वारा, श्री कलश स्थापना श्री अर्जुन कुमार सुपुत्र श्री जवाराम बागमार परमार, श्री विश्वकर्मा जी को पुष्पहार श्री वगदाराम सुपुत्र श्री पुनमाराम परमार के द्वारा, श्री विश्वकर्मा जी को तिलक श्री जीवाराम, विक्रम कुमार सुपुत्र श्री जैताराम पडियार द्वारा श्री विश्वकर्मा जी की अखण्ड ज्योत श्री फुसाराम सुपुत्र श्री मांगीलाल सोलंकी द्वारा, विश्वकर्मा जी की आरती तथा भव्य भक्ति जागरण राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन कलाकार जांगिड एण्ड पार्टी चैन्नई द्वारा जागरण में प्रसादी वितरण श्री हरसनराम सुपुत्र श्री प्रभाजी लुंजा चौहान द्वारा।

अतिथियों का स्वागत किया गया तथा चढ़ाओं के लाभार्थियों का बहुमान श्री वगताराम सुपुत्र श्री जोईता राम जोपिंग द्वारा किया गया। कार्यक्रम स्थल के लाभार्थी रहे श्री मगराज सुपुत्र श्री छोगा लाल सोलंकी तथा श्री पारसमल, श्री गोपाल चन्द, श्री चुनाराम सुपुत्र श्री अदाराम जी पड़मा।

29 जनवरी, 2018 को प्रात: भगवान विश्वकर्मा जी की मंगला आरती की गई। आमंत्रण पत्रिका में सहयोगकर्ताओं का स्वागत किया गया तथा महाप्रसादी सुबह श्री पुनमाराम, श्री हिन्दुराम, श्री माघाराम, श्रीदरणाराम, श्री भलाराम, श्री शंकरलाल, श्रीप्रकाश कुमार, श्री मुकेश कुमार, श्री मुकेश कुमार, श्री कालुराम, श्री मुलाराम डी. मुलाराम बी. नागजी बेटा-पोता, श्री पांचाराम जी भदरेचा द्वारा प्रायोजित थी।

### जिला सभा अजमेर की त्रैमासिक मीटिंग अराई में सम्पन्न

27 जनवरी, 2018 को जिला सभा अजमेर की त्रैमासिक मीटिंग अराई में आयोजित की गई। अतिथियों को मंचासीन करवाया गया तथा अतिथियों द्वारा श्री गणेश, विश्वकर्मा पूजन सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री सत्यनारायण दायमा का शाखा सभा अध्यक्ष श्री जगदीश सरपंच द्वारा माल्यार्पण एवं साफा, शॉल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों में अराई पंचायत समिति प्रधान श्री रामलाल, तह. केकड़ी प्रभारी श्री बंशीलाल कींजा, किशनगढ़ तह. प्रभारी श्री गुलाबचन्द का भी माल्यार्पण एवं साफा बन्धवाकर सम्मान किया गया। केकड़ी शाखा सभा अध्यक्ष, विजय नगर, किशनगढ़, ब्यावर पीसांगन, श्री नगर आदि का भी माल्यार्पण एवं साफा बन्धवाकर सम्मान किया गया। मंत्री सतीश तामडोला द्वारा गत मीटिंग की प्रोसिडिंग पढ़कर सुनाई, जिसका सभी ने अनुमोदन किया। सम्बोधन की कड़ी में श्री गुलाब चन्द चोयल, श्री भंवरलाल सांवलोदिया, श्री हरेन्द्र राजोत्या द्वारा सम्बोधित किया गया। जिला सभा की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। शाखा सभाओं की भी प्रगति रिपोर्ट पेश की गई। जिलाध्यक्ष द्वारा जांगिड जागृति मिशन पर अत्यधिक बल दिया, मृत्यु भोज, बालविवाह, दहेज प्रथा, जैसी कुरुतियों के रोक का संकल्प लिया। जिला सभा का रजिस्ट्रेशन कराकर छात्रावास के लिए ए.डी.ए. में 2000 वर्ग मीटर भूमि हेतु आवेदन। बैठक में अजमेर जिले से सभी शाखा सभाएं व संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। अराई अध्यक्ष व कार्यकारिणी द्वारा मीटिंग की सुव्यवस्था की।

समापन के पश्चात् श्री जगदीश कींजा सरपंच द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था का सभी ने आनन्द लिया।

–सतीश चन्द तामडोल्या (जिला मंत्री)

### श्री विश्वकर्मा जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति निवाई द्वारा आयोजित एफ.डी. वितरण एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

1 फरवरी, 2018 स्टेशन रोड स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में श्री विश्वकर्मा जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति व तहसील सभा निवाई के संयुक्त तत्वावधान में में एफ.डी., चेक वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गाय।

जिसकी अध्यक्षता श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली द्वारा की गई। मुख्य अतिथि श्री सूबेसिंह यादव जिला

कलेक्टर टोंक थे। विशिष्ट अतिथियों में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री ओमप्रकाश जांगिड (आर.ए.एस.) कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक, श्रीमती पूजा मीणा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई, श्री हरिताभ आदित्य अधिकारी निवाई, श्री गजेन्द्र गोयल तहसीलदार निवाई, श्री मुरारी लाल विकास अधिकारी निवाई, श्री लक्ष्मण जांगिड (सिरस) मण्डल अध्यक्ष नटवाड़ा निवाई, श्री बाबू लाल जांगिड देवड़ावास जिलाध्यक्ष टोंक, श्री श्योजीराम पालगंज (दूनी) संरक्षक जिला सभा टोंक, श्री भैरूलाल जांगिड (गिरदावर) पूर्व महामंत्री टोंक, श्री राधेश्याम चिचावा पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री कजोड़मल जांगिड तहसील अध्यक्ष टोंक, श्री राधेश्याम मेहन्दवास, श्री हनुमान गुर्जर नगर पालिका निवाई, श्री सियाराम जांगिड कुराथल (युवा प्रकोष्ठ) जिलाध्यक्ष टोंक आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा गणेश एवं विश्वकर्मा जी के चित्र के सामने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गाय।

सभी अतिथियों का श्री राधेश्याम बासड़ा, श्री रामेश्वर जैतपुरा समिति अध्यक्ष, श्री लल्लू लाल सेदरिया पूर्व तहसील अध्यक्ष, श्री बद्रीलाल सिरोही समिति अध्यक्ष, श्री हनुमान भुरारिया, श्री सत्यनारायण बिड़ोली, श्री रमेश मित्रपुरा, श्री कन्हैयालाल सिरस, श्री शंकर खण्डवा, श्री कैलाश चैनपुरा, श्री जगदीश भावंता, श्री सीताराम आरा मशीन, श्री जगदीश हिण्डौन, श्री शम्भु सुवाड़, श्री कन्हैयालाल हनुतिया, श्री शिवजी लाल आरा मशीन, श्री गिरिराज दत्तवास, श्री शशिकांत मोहम्मदगढ़, श्री राजाराम सेदरिया, श्री सूरज वनस्थली, श्री रामलाल जोधपुरिया, श्री दिनेश निवाई एवं श्री कैलाश आकोड़िया द्वारा माल्यार्पण कर, साफा बन्धवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर 76 जोड़ों को जो समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिणय-सूत्र में बंधे, उनको दस-दस हजार की एफ.डी. एवं पाँच-पाँच हजार रुपए के चेक अतिथियों द्वारा वितरण किए गए।

उद्‌बोधन में श्री सूबे सिंह यादव जिला कलेक्टर, श्री ओमप्रकाश जांगिड (आर.ए.एस.), श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष, श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रधान महासभा द्वारा सामूहिक सम्मेलन की महत्ता, दहेज, शिक्षा विशेषकर बालिका शिक्षा एवं समाज संगठन व महासभा की जानकारी, शिक्षा में लड़के व लड़कियों के अनुपात आदि पर अपने विचार मंच के माध्यम से रखे।

अन्त में समिति अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों का आभार जताया एवं सभी को भोजन प्रसादी के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर सैंकड़ों समाज बन्धुओं की एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

### जांगिड विकास समिति दादी का फाटक द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान एवं नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राज. का सम्मान समारोह सम्पन्न

4 फरवरी, 2018 को प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर, जयपुर में जांगिड विकास समिति दादी का फाटक द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) एवं नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राज. श्री लखन शर्मा (जांगिड) के सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया।

मंचासीन अतिथियों में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रधान महासभा, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, डॉ. मोतीलाल शर्मा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री घनश्याम पंवार (जांगिड) जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री राजेश शर्मा (डिजाइन फैब्रिकेशन) महामंत्री प्रदेश सभा, श्री शंकर लाल जांगिड कोषाध्यक्ष महासभा, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) पूर्व महामंत्री प्रदेश सभा, श्री नरेन्द्र देव जांगिड कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री अजीत माण्डण पूर्व प्रदेश प्रवक्ता यूथ (भाजपा), श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष जांगिड विकास समिति दादी का फाटक जयपुर आदि थे।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना करने के उपरान्त कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महासभा प्रधान श्री रविशंकर शर्मा एवं श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. तथा जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार का माल्यार्पण, साफा, शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर समिति के पदाधिकारी श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष, श्री वेदप्रकाश, श्री कैलाश जांगिड आर.के. फर्नीचर, श्री बाबूलाल जांगिड, श्री सागर जी, श्री कैलाश साली वाले, श्री छगनलाल प्रवक्ता तथा प्रबुद्ध समाज बन्धुओं द्वारा सम्मानित किया गया।

मंच संचालन श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) एवं श्री चन्द्र दत्त जांगिड द्वारा किया गया।

सभी अतिथियों द्वारा उद्‌बोधन हुआ जिसमें सभी ने जांगिड विकास समिति दादी का फाटक की सराहना की गई कि इनके प्रतिभा सम्मान समारोह व अन्य आयोजन ऐसे सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक होते हैं। राजनैतिक, संगठन व शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने पर भी अपने विचार मंच के माध्यम से रखे।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों में श्री हरीश जांगिड रामा उद्योग, श्री पूरण चन्द जांगिड उद्योगपति झोटवाड़ा, श्री रामेश्वर प्रसाद टटेरा, श्री सूरजमल नींदड, श्री ज्ञानेश जी सर्जिक्योर, श्री विजय शर्मा सिरसी वाले, श्री दिनेश जी, श्री घीसा लाल जी, श्री सुवा लाल, श्री लालचन्द मण्डा, श्री कैलाश आर.के. फर्नीचर, श्री सुभाष जी, श्री सीताराम, श्री गजानन्द गोगोरिया अध्यक्ष डेहर का बालाजी समिति, श्री रामजीलाल जांगिड एवं श्री राधेश्याम जांगिड पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री भगवान सहाय जांगिड, श्री राकेश आदि सैंकड़ों उपस्थित हुए।

अन्त में श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि दादी का फाटक समिति द्वारा प्रदेशाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रधान के चुनाव में अपना पूर्ण समर्थन प्रदान किया और इस बूथ से सबसे अधिक मत आपको मिले। अब ऐसी उम्मीद प्रधान जी से करते हैं कि जिस प्रकार राजस्थान प्रदेश को सम्पूर्ण भारत वर्ष में महासभा द्वारा ''अव्वल'' घोषित करवाया, उसी प्रकार आप राष्ट्रीय प्रधान के पद को भी सुशोभित करते हुए नए आयाम स्थापित करेंगे।

सभी आगन्तुक बन्धुओं को सहभोज के लिए आमंत्रित किया, जो कि स्वयं आप द्वारा ही प्रायोजित था।

**तहसील सभा फुलेरा (जयपुर) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

4 फरवरी, 2018 को बिचून रोड़ स्थित विश्वकर्मा मन्दिर फुलेरा में तह. सभा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान श्री लखन शर्मा (जांगिड) एवं समारोह की अध्यक्षता श्री जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार (जांगिड) ने। विशिष्ट अतिथियों में श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री राधेश्याम जांगिड पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, पूर्व तहसील अध्यक्ष श्री शंकर बारू, श्री गोपाल पेड़वाल, श्री शेष नारायण हरसोलिया पूर्व तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री दधिमति आसल्या पूर्व तह. अध्यक्ष, श्री राधेश्याम जांगिड पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री पुरुषोत्तम जांगिड समिति अध्यक्ष रेनवाल, श्री भंवरलाल कासलीवाल अध्यक्ष समिति नरायणा, श्री लक्ष्मीनारायण पंवार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री श्री गौरीशंकर शर्मा सांभर, कोषाध्यक्ष श्री भंवरलाल जायसवाल आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बन्धवाकर तहसील अध्यक्ष श्री सोहनलाल जाला एवं श्री रामेश्वर मीषण समिति अध्यक्ष फुलेरा, श्री हनुमान तह. अध्यक्ष बगरू, श्री शिव कुमार बगरू, श्री घनश्याम हर्षवाल, श्री कैलाश रेनवाल, श्री भंवरलाल शास्त्री, श्री गौरीशंकर महामंत्री तहसील फुलेरा, श्री गोपाल लाल जोबनेर, श्री रामधन गोपालपुरा, श्री शांतिलाल काचरोदा, श्री यादराम कोथकलिया, श्री ओमप्रकाश पटवारी, श्री रामगोपाल कोषाध्यक्ष मन्दिर फुलेरा, श्री नवल किशोर दायमा सांभरलेक, श्री भंवरलाल अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर मारोठ, श्री मूलचन्द रेनवाल, श्री सीताराम अटकोत्या, श्री कन्हैयालाल अध्यक्ष बड़ के बालाजी, श्री गजानन्द जायलवाल हबसपुरा आदि पदाधिकारियों द्वारा किया गया। श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार एवं श्री हरिशंकर जांगिड द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

**अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानव अधिकार संस्थान द्वारा आयोजित स्नेह मिलन एवं पौषबड़ा महोत्सव सम्पन्न**

4 फरवरी, 2018 को विश्वकर्मा जांगिड अतिथि गृह परीक पथ, परसराम नगर, ढेहर का बालाजी, सीकर रोड़, जयपुर में अ.भा. भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानव अधिकारी संस्थान द्वारा स्नेह मिलन एवं पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।

महोत्सव के मुख्य अतिथि श्री प्रद्युमन (से.नि. अति. पुलिस अधीक्षक) तथा विशिष्ट अतिथि श्री गुरविन्दर सिंह (भा.ज.पा.म. कोष अधिकारी) थे। अध्यक्षता श्री सीताराम शर्मा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा की गई। अतिथिगणों में श्री देवेन्द्र शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, सुश्री सुषमा पारीक राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, रेखा दीक्षित राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष, श्री सुनील शेखर शर्मा (प्रोजेक्ट ऑफीसर, आई.सी.आई.सी.आई फाउण्डेशन), संजेरा जादौन (फार्मेसी), सुभाष यादव (अध्यक्ष यादव समाज), श्री सुआलाल जी (अतिथि गृह ढेहर का बालाजी) आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर श्री सीताराम शर्मा प्रदेशाध्यक्ष, श्री कृष्ण कुमार शर्मा महामंत्री, श्री अशोक कुमार जांगिड प्रदेश महासचिव, श्री अक्षत शर्मा यूथ अध्यक्ष जयपुर शहर, श्री राधा माधव शर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी, श्री राकेश गुप्ता प्रदेश सलाहकार, श्री रमेश चन्द घीया प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष द्वारा श्री कुन्दनमल शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री, श्री दिनेश शर्मा जयपुर जिला संगठन मंत्री तथा श्री खूबचन्द सोनी जयपुर जोन मंत्री के पद के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

समारोह को मुख्य अतिथि श्री प्रद्युमन जी, विशिष्ट अतिथि श्री गुरविन्दर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव श्री देवेन्द्र शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा एवं श्री सुनील शेखर शर्मा द्वारा सम्बोधित किया गया।

समारोह में उपस्थित श्री जी.सी. मामोडिया प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री नरेश कुमार गोयल प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री सिद्धार्थ जैन उपाध्यक्ष जयपुर जोन, श्री संजीव शर्मा उपाध्यक्ष जयपुर शहर, श्री आर.पी. शर्मा प्रदेश सह. मीडिया प्रभारी, श्री कौशल शर्मा अध्यक्ष (यूथ) जयपुर शहर, श्री निरज शर्मा यूथ अध्यक्ष उदयपुर शहर, श्री सुधीर कुमार रावत यूथ अध्यक्ष दौसा, श्री सत्यप्रकाश गुप्ता अध्यक्ष जयपुर जिला, श्री अक्षत शर्मा यूथ अध्यक्ष जोन जयपुर शहर, श्री अशोक कुमार जांगिड प्रदेश यूथ सचिव, श्री सम्पूर्णानन्द शर्मा अध्यक्ष (यूथ) जयपुर ग्रामीण, श्री दक्ष शर्मा यूथ सचिव जयपुर, श्री दीपक कुमार शर्मा यूथ सचिव जयपुर शहर, श्री रामदेव प्रदेश सचिव, श्री रमेशचन्द शर्मा प्रदेश सह. सचिव, श्री संदीप शर्मा प्रदेश सह. सचिव, श्री राजेश कुमार चौपड़ा सचिव जयपुर शहर, श्री राजीव शर्मा सह. सचिव जयपुर शहर, श्री कल्याण सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री विनोद मालानी प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री सुरेश कुमार पारी सदस्य, श्री विशाल अब्रोल प्रदेश उपाध्यक्ष, सुमित्रा जांगिड प्रदेश उपाध्यक्ष, तनवी शर्मा यूथ अध्यक्ष जयपुर, नीलम शर्मा सह. सचिव आदि।

**मालपुरा टोंक के गणेश विदाई समारोह में उमड़ा जांगिड समाज**

अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण विकास समिति, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति मालपुरा के तत्वावधान में रविवार को विश्वकर्मा मंदिर मालपुरा में आयोजित किए गए। गणेश विदाई समारोह के अवसर पर समाज के भामाशाहों दानदाताओं व समाज सेवी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में जांगिड समाज बंधु उपस्थित हुए। जांगिड ब्राह्मण विकास समिति, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति मालपुरा के अध्यक्ष व पदाधिकारियों सहित प्रमुख लोगों ने साफा व माला पहनाकर भामाशाहों व समाज सेवी प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर दिसंबर माह में सम्पन्न हुए समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

आय व्यय का लेखा-जोखा विवाह समिति की ओर से प्रकाशित पुस्तक के माध्यम से समाज के सभी बंधुओं को प्रदान किया गया। इस पुस्तक का हनुमान प्रसाद व डॉ. प्रवीण जांगिड, इंजिनियर रूपनारायण जांगिड सहित अन्य प्रमुख समाज बंधुओं द्वारा विधिवत विमोचन किया। महामंत्री नंदकिशोर सोलाणिया ने बताया कि समाज द्वारा बीते दिनों आयोजित व सफल रहे समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की अंतिम कड़ी के रूप में रविवार को विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ समाज बंधुओं द्वारा पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश को विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद जायलवाल गुलगांव ने तथा मुख्य अतिथि बाबूलाल सूंथडा तथा विशिष्ट अतिथि दूदु अध्यक्ष रतन लाल सहित अन्य समाज प्रमुख थे। कार्यक्रम में प्रधान सरोज चौधरी व पालिकाध्यक्ष सपना टेमाणी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व समाज के लोग भी उपस्थित थे।

## गौ सेवी पदमाराम कुलरिया गाँधी धाम में "जांगिड गौरव" से सम्मानित

29 जनवरी, 2018 को सृष्टि रचियता भगवान श्री विश्वकर्मा जी के जन्मोत्सव के अवसर पर किया गया मेरा यह सम्मान मेरा ना होकर मेरे सम्पूर्ण सुथार/जांगिड समाज का सम्मान है और समाज की उन्नति ही हमारा सपना है। इस सपने का जिसे सभी को मिलकर पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़नी चाहिए। उक्त बात आज गांधीधाम में श्री जांगिड ब्राह्मण समाज समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित 43वें श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह के अवसर पर हुए अपने सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि पद को सुशोभित कर रहे गौ भक्त, दानवीर समाज सेवी श्री पदमाराम कुलरिया ने कही। उन्होंने कहा कि समाज आज दुनियाभर में अपनी कला, मेहनत और ईमानदारी से उच्च स्थान हासिल कर चुका है, जिसे सारी दुनिया बखूबी जानती है और रही समाज सेवा व दान पुण्य की बात तो ईश्वर ने इंसान बनाकर हम पर बहुत बड़ा उपकार किया और ईश्वर हमें देता है हम अपने पास नहीं रख राष्ट्र व समाज सेवा में अर्पित करते हैं। हम तो सिर्फ माध्यम मात्र हैं काम ईश्वर ही कर रहे हैं। गौ सेवा व प्राणी मात्र की सेवा के साथ-साथ जीव जिसमें प्राण बसे हैं पेड़-पौधों व पूरे पर्यावरण की सेवा व रक्षा भी मेरे लिए सर्वोपरि है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि गांधीधाम विधायिका मालती बहन माहेश्वरी ने जांगिड सुथार समाज को सर्वश्रेष्ठ कहते हुए कहा कि विश्वकर्मा भगवान तो सृष्टि रचने वाले हैं ब्रह्माण्ड को बनाने वाले देव विश्वकर्मा जी की जयंती के अवसर पर जांगिड सुथार समाज ने बहुत अच्छा आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि यह समाज तो जन्म से ही इंजीनियर होते हैं ऐसे समाज को और ऐसे देव को नमन करती हूँ। यह समाज सर्वसमाज के काम आने वाला समाज है और इस समाज के बगैर दुनिया खूबसूरत नहीं हो सकती। समाज की उन्नति की कामनाओं के साथ समाज के हर कदम पर सरकार साथ है।

इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुए भामाशाह नेमीचन्द जांगिड ने कहा कि समाज ने जो बेशुमार प्यार मुझे दिया वह बेहिसाब है और जब तक मेरे में प्राण रहेंगें मैं समाज के सर्वांगीण विकास में अपने तन-मन-धन से समर्पित रहूंगा। आज गांधीधाम में गांधीवादी और सेवाभावी गौ भक्त पदमाराम कुलरिया जी परिवार सहित पधार कर अपने सुथार समाज को गौरवान्वित कर दिया है। समारोह के युवा उद्योगपति भामाशाह शंकर कुलरिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इंसान की तरक्की में उसके कर्म छुपे हैं और तरक्की तभी संभव है जब कर्म ईमानदारी से हो। आज अपना समाज जैसे विधायक महोदया जी ने भी कहा कि रचनात्मकता से भरा पड़ा है और बहुत ही स्वाभिमानी समाज है। शंकर कुलरिया ने कहा कि आओ हम सभी मिलकर प्रण लें कि हम अपने आपके साथ ही समाज और पूरे संसार को सर्वश्रेष्ठ और सुंदर बनाए।

इस अवसर पर गांधीधाम नगर पालिका की सभापति श्रीमती गीता देवी गणतारा, सूरजमल जांगिड, कजोड़मल जांगिड, सादड़ी की भाजपा नेत्री संतोष देवी जांगिड, गुरुदत्त शर्मा और गांधीधाम भाजपा नेता व गुजरात प्रदेश महामंत्री जा. ब्राह्मण महासभा के मोहनलाल जांगिड आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर देशभर में अपनी समाज सेवा और गौ सेवा व पर्यावरण के क्षेत्र में सर्वांगीण योगदान देने वाले दानवीर पदमाराम कुलरिया को गांधीधाम में बहुत बड़े गरिमायुक्त कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष मूलाराम सुथार, दुर्गाराम सुथार, रामेश्वर सुथार, चन्द्रप्रकाश शर्मा ने स्व. भगवानदत्त दैमण की स्मृति में सजहवा "जांगिड गौरव पुरस्कार" देकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर इंटीरियर जगत के जाने-माने देश के युवा उद्योगपति शंकर कुलरिया व धरम कुलरिया का भी ट्रस्ट ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता राज जांगिड, धर्मेन्द्र कुमार, नोखा नगर पालिका पार्षद भगवानाराम सुथार, पत्रकार गितेश जांगिड आदि सैंकड़ों समाजबंधु उपस्थित रहे।

जांगिड समाज गांधीधाम द्वारा आयोजित इस समारोह की पूर्व संध्या पर भजन सत्संग व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया, जिसमें पोपट भाई सुथार डीसा व अन्य कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।

आज प्रात: विश्वकर्मा मंदिर गांधीधाम के प्रांगण में आचार्य लाभेन्द्र शास्त्री के सान्निध्य में विशाल यज्ञ सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात् विभिन्न झांकियों के साथ भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से निकली उस दौरान शहर के तमाम समाज बंधुओं ने फूलों से वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। मंच का सफल संचालन गुजरात प्रदेश महामंत्री जा. ब्राह्मण महासभा मोहनलाल जांगिड ने किया।

## फलौदी (जोधपुर) में विश्वकर्मा जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई

फलौदी में विश्वकर्मा जयन्ती का भव्य कार्यक्रम 3 दिन का शानदार रहा। प्रथम दिन 28 जनवरी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के विषय पर बहुत अच्छी प्रतियोगिता रखी गई। सायं को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ जागरण व विश्वकर्मा भजन का सफल आयोजन रहा। दूसरे दिन विश्वकर्मा जयन्ती को प्रात: हवन व यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकली। 1 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा में से सबसे आगे भगवान विश्वकर्मा जी हंस पर सवारी के साथ सभी देवी-देवताओं की

झांकियाँ पीछे चल रहीं थीं व भक्ति भजन के साथ एक विशाल काफिले के साथ 2 पर तोरण दरवाजे लगवाए गए। शहर के 36 कोम जांगिड समाज की शोभा यात्रा देख प्रफुल्लित हुए। शहर के मुख्य मार्ग से कचहरी रोड़ से आगे बढ़ते हुए सरस्वती फर्नीचर नई सड़क होते हुए गौरव पथ की ओर से आगे बढ़ते हुए शोभायात्रा विश्वकर्मा छात्रावास के आगे अल्पाहार का कार्यक्रम रखा गया। फिर आगे विश्वकर्मा मंदिर तक समापन हुआ। सभी लोग मंदिर के मुख्य ''शिवदान जी मोखा सभागार'' में एकत्रित हुए। हर साल की भांति विधायक श्री पब्बाराम विश्नोई मुख्य अथिति रहे। समाज के संरक्षक सदस्य मोहन मोखा, मोतीलाल डोयल, गोवर्धन नागल, कन्हैयालाल एडवोकेट, नथमल जांगिड व सूरजमल नागल सभी उपस्थिति के साथ अध्यक्ष जोगराज सचिव लूणकरण, कोषाध्यक्ष भीकम चंद, हस्तीमल डोयल, नारायण डोयल, माणक लाल जोपिंग व शहर के गणमान्य लोग व राष्ट्रीय प्रचार मंत्री सूरज डोयल ने भी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

सायं को विश्वकर्मा जी की महाआरती रखी गई। रात्रि कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों ने विश्वकर्मा छात्रावास में समाज हित के लिए अपने 2 सूझाव रखे। तीसरे दिन समाज की ओर से पूरी फलौदी तहसील के सभी जांगिड बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी रखी गई। दिन भर एक अच्छे कार्यक्रम में सभी ने अपनी भागीदारी निभाई। एक नया नारा का आगाज हुआ-जय जांगिड, जय विश्वर्मा, जय अंगिरा, जय जांगिड, स्वच्छ समाज, स्वच्छ सुथार, अनेकता में एकता, जांगिड की विशेषता।

**–सूरज डोयल** (प्रवक्ता राज. विश्वकर्मा चेतना मंच)
मो. : 9414494452



### श्री हनुमान सहाय कींजा जांगिड हस्तकला सेवा समिति राजस्थान जयपुर के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए

4 फरवरी, 2018 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर कटेवा नगर, गुर्जर की थड़ी, न्यू सांगानेर रोड़ पर जांगिड हस्तकला सेवा समिति जयपुर (राज.) के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से श्री हनुमान सहाय कींजा सुपुत्र स्व. श्री सुवालाल कींजा निवासी देवी नगर को समिति का अध्यक्ष चुना गया। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री किशनलाल पिलवाल द्वारा चुनाव सम्पन्न कराए गए, जिसमें समिति के पदाधिकारीगणों में श्री चिम्मनलाल जांगिड सुपुत्र श्री रामलाल जांगिड मान्यावास उपाध्यक्ष, श्री राजेश कुमार सुपुत्र स्व. श्री भंवरलाल कींजा विवेक विहार सचिव (महामंत्री), श्री रमेश चन्द जांगिड सुपुत्र श्री बिरदी चन्द जांगिड कटेवा नगर कोषाध्यक्ष, श्री रामधन जांगिड सुपुत्र श्री नारायण लाल पार्वती विहार हीरापुरा संगठन मंत्री, श्री सोहनलाल जांगिड सुपुत्र स्व. श्री श्रवण लाल जांगिड कटेवा नगर प्रचार मंत्री को भी सर्वसम्मति से चुना गया।

श्री किशनलाल पिलवाल मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा सभी सर्वसम्मति से चुने हुए पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर लगभग 50 से अधिक समिति के आजीवन व साधारण सदस्यों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्री हरिनारायण (रेटा वाले) को भी माल्यार्पण, साफा बन्धवाकर भावभीनी विदाई दी।

### सुथार समाज विकास संस्थान नरसाणा (बागोड़ा) जालोर द्वारा कुरुतियाँ दूर करने का संकल्प लिया

विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर समस्त सुथार समाज राठौड़ पट्टी, चौहान पट्टी कुल 48 गाँव द्वारा संकल्प लिया गया कि हम समस्त सुथार समाज भगवान श्री विश्वकर्मा जी में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए संत श्री सनातन गिरी जी महाराज सिद्धेश्वर आश्रम भीनमाल के सानिध्य में संकल्प करते हैं कि हम अपने सुथार समाज की परम्परागत पवित्रता, मर्यादा व एकता बनाए रखेंगें तथा समाज में व्याप्त कुरुतियों का त्याग करते हैं।

हम मृत्युभोज नहीं करेंगे तथा इस अवसर पर ओढ़णा केवल सगी बहन, बेटी को ही ओढ़ाएंगें। सामाजिक जाजम पर किसी भी बैठक में किसी प्रकार का नशा नहीं करेंगें। हम किसी सामाजिक अवसर पर वेवाणों को ओढ़णा नहीं ओढ़ाएंगे। हम समाज में बाल विवाह, भ्रूण हत्या नहीं करेंगें तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देंगें एवं नारी समानता का सम्मान करेंगें। हम स्वच्छ भारत अभियान में अपना योगदान देंगें। सम्पूर्ण सुथार समाज इस फैसले का स्वागत करता है।

### जां.ब्रा. समाज धर्मशाला समिति नईनाथ धाम बांसखोह, तह. बस्सी (जयपुर) द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला समिति नईनाथ धाम बांसखोह, तह. बस्सी, जिला जयपुर द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 24-25 मार्च, 2018 (राम नवमी) को जां.ब्रा. समाज धर्मशाला नई नाथ धाम, बांसखोह, तह. बस्सी, जयपुर में आयोजित होगा।

सम्मेलन में 31 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया है। जोड़ा पंजीयन राशि प्रत्येक वर व प्रत्येक वधु पक्ष से 21000 रुपए रखे गए हैं तथा भतई 3100 रुपए प्रत्येक पक्ष से रखे गए हैं।

विधवा महिलाओं (केवल वधु पक्ष) के लिए विशेष रियायत का प्रावधान है।

**25 फरवरी, 2018 को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा**

**कार्यक्रम :** श्री गणेश व श्री विश्वकर्मा पूजन प्रात: 11.15 बजे, ध्वजा रोहण दोपहर 12.15 बजे जो कि श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर एवं मुकेश कुमार झाझवाड़ तहसील अध्यक्ष बस्सी के कर कमलों से किया जाएगा।

**अतिथियों का सम्मान :** दोपहर 12.30 बजे, युवक-युवती परिचय दोपहर 1 बजे, अतिथि उद्बोधन दोपहर 3 बजे, स्नेह भोज सायंकाल 4 बजे होगा।

जोड़ा पंजियन हेतु सम्पर्क सूत्र : श्री रामबाबू रावत 9887221901, श्री भैरू लाल चिचावा 9782962500, श्री कैलाश चन्द बन्दूक्या 9413238226

संरक्षक श्री हनुमान प्रसाद जांगिड अध्यक्ष विश्वकर्मा विकास

ट्रस्ट, सम्मेलन प्रधान श्री कालूराम जांगिड दयारामपुरा, सम्मेलन प्रभारी श्री प्रभाती लाल बंट्वया बांसखोह, सम्मेलन अध्यक्ष श्री रामबाबू रावत पूर्व तह. अध्यक्ष बस्सी, मुख्य संयोजक श्री कमलेश कुमार जांगिड श्यामपुरा

**जांगिड समाज जैतारण द्वारा कुरीतियाँ उन्मूलन एवं मन्दिर जीर्णोद्धार हेतु आयोजित बैठक सम्पन्न हुई**

श्री विश्वकर्मा मन्दिर जांगिड समाज जैतारण पट्टी के मन्दिर में सामाजिक स्वजातीय कुरीतियों को मिटाने एवं नवनिर्मित विश्वकर्मा मन्दिर जिर्णोद्धार प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें ब्यावर, सोजत सिटी, बिलाड़ा, मेड़ता सिटी, मगरा पट्टी व जैतारण पट्टी के अध्यक्षगणों एवं समाज बन्धुओं की उपस्थिति में निम्न निर्णय लिए गए जो समस्त जैतारण पट्टी जांगिड समाज को मान्य होंगें।

मृत्युभोज पर लेण वितरण को सर्वसम्मति से बन्द किया गया। मृत्युभोज पर समाज का भोजन प्रसादी एक समय का बन्द किया गया तथा चिट्ठी फाड़ने की पुरानी परम्परा को सर्वसम्मति से बन्द किया गया।

नव निर्मित भवन की प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जांगिड समाज जैतारण का प्रथम सामूहिक विवाह एवं विश्वकर्मा जांगिड समाज स्मारिका 2017-18 का विमोचन भी करवाने का निर्णय लिया। इस निर्णायक बैठक में ब्यावर पट्टी के अध्यक्ष धर्मराज छड़िया, मगरा पट्टी अध्यक्ष किशन बुड्‌ल, सोजत सिटी पट्टी अध्यक्ष अशोक अठवासिया, बिलाड़ा पट्टी अध्यक्ष मूलचन्द निषाण, मेड़ता सिटी पट्टी अध्यक्ष मोहनलाल जोपिंग, जैतारण पट्टी अध्यक्ष रामेश्वर लाल जोपिंग, चतुर्भुज, हनुमान लाल निम्बोल, विरेन्द्र जांगिड, नथमल सोमरवाल, भीकाराम कींजा, बगदाराम जोपालिया, जगदीश झाला, कैलाश ईगन, राजकुमार कींजा, श्यामलाल जांगिड, पारसमल, अमरचन्द, नन्दकिशोर, पूर्व प्रधान ब्यावर बाबूलाल भावरेल, ओमप्रकाश, नेमीचन्द, उगमाराम, आत्माराम, गोविनदराम, लक्ष्मीचन्द, मोहनलाल, मघाराम, दिनेश, बक्शा राम, भवंरलाल, जवरी लाल सहित जांगिड समाज बन्धु उपस्थित थे।

–रामेश्वर लाल

**शेषांश पृष्ठ : 49**

ने हाथ जोड़कर सभी हाथियों से प्रार्थना की कि दादामुनि का शव इस गड्ढे में दफनाया जाए। गाँव वाले तथा सभी हाथियों ने मिलकर दादामुनि को वहीं बने गड्ढे में दफनाया।

गाँव वालों ने उस स्थान पर एक भव्य मन्दिर बनाया, जिसका नाम है दादामुनि मन्दिर। उस इलाके में यह किंदवती चल पड़ी थी कि दादामुनि की पूजा करने से खेतों में बहुत अच्छी फसलें होती हैं और उनका कोई नुकसान नहीं होता। उस मन्दिर में किसानों का आज भी मेला लगा रहता है और दादामुनि की जय-जयकार गूंजती रहती है।

बात तो पुरानी पड़ गई है मगर दादामुनि और लक्ष्मण की कहानी आज भी उस इलाके में गूंज रही है। सच कहते हैं प्रेम में बड़े-बड़े चमत्कार छिपे होते हैं।

–**ज्योत्सना निधि**, जमशेदपुर, मो. : 9934521954

## वैवाहिकी

**वैशाली शर्मा** (मांगलिक) सुपुत्री श्री आर.के. शर्मा (सरकारी सेवा, जयपुर), जन्म तिथि : 2 अक्टूबर, 1989, समय : प्रात: 8.33 (कोटा), कद : 5'4'', रंग : गोरा, शिक्षा : एम.एससी. (ह्युमन डवलपमेन्ट बड़ौदा), जॉब : सीनियर एक्जिक्यूटिव ''हेल्पेज इण्डिया एन.जी.ओ. जयपुर'', गोत्र/शासन : स्वयं-टीढान, माँ-मोखरिया, दादी-अमरोठिया, नानी-खुडानिया, सम्पर्क सूत्र : 9469663022, 7051132554

**Vaibhav Sharma** S/o Shri Suresh Kumar Sharma, DOB : 1 March, 1988, Birth Place : Jaipur, Height : 5'10", Qualification : Bachelor Tourism Studies, Diploma in Hotel Management CNIIT Certificate Presently working in Dubai as Manager/ BDO, Gotra/Shashan : Self-Khudania, Mother-Rodwal, G. Mother-Langdiwal, Nani-Lavandiwal, Contact : S.K. Sharma, 9887172789, **Marrital Status : Remarriage**

**Kratika Sharma** D/o Shri Radheyshyam Sharma (Lecturer in Mathematics Govt. Sr. Sec. School), DOB : 5 March, 1990, Birth Time : 7.05 AM, Height : 5'3", Complexion : Wheatish, Education/Qualification : M.Sc. (Mathematics), Banasthali Vidyapeeth University, B.Ed. : MDSU University Ajmer), Occupation : Working as P.O. in Bank of Baroda, Gotra/Shashan : Self-Dausodiya, Mother-Mandiwal, Grand Mother-Baldiya, Maternal G. Mother-Tundgariya, Permanent Address : Raiwana (Behror), Alwar (Raj.), Current Address : D-166, Indra Colony, Newai, Tonk (Raj.), Contact : 9414277110

**Mukesh Sharma** (Jangid) S/o Shri Madan Lal Sharma, Katkad (Shahpura wale), DOB : 5 Oct., 1980, Qualification : B.A. (IInd yr.), Height : 5'8", Profession : Automobile Mechanic Four Wheelers, Firm : Sai Motors, Vidyadhar Nagar, Jaipur, Gotra/Shashan : Self-Kalunia, Mother-Kotkatliya, G. Mother-Jala, Nani-Gothdiwal, Address : 79/80, Patel Nagar, Shashtri Nagar, Jaipur (Raj.), Contact No. : 9829117956

**Hemant Sharma** S/o Sh. Pawan Kumar Sharma (Govt. Job), DOB : 20 April, 1983, Birth Time : 11.40 PM, Birth Place : Delhi, Height : 5'6", Complexion : Fair, Education : B.A. & Diplom in Hardware & Software in Computer, Job : I.T. as Asstt. I.T. Manager, Earning : 35000/- CTC, Gotra/Shashan : Self-Oajwal, Mother-Jhuljhulia, G. Mother-Rajotiya, Partner should be 5'3" to 5'4", Nonworking, Non dowry, Contact No. : 9868184492